www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक –88 । भोपाल, सोमवार, 31 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

नए संकल्प, नई ऊर्जा के साथ नव संवत्सर का अभिनंदन — पृष्ठ 2

- गुझिया भी सिवंइयां भी : देश की तरक्की की दुआएं भी!
- क्या तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक एक बार फिर भाजपा के साथ गठबंधन करेगी? — पृष्ठ 4

- पंचकुइया घाट पर श्रमदान कर किया जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ — पृष्ठ 6

प्रदेश में बिजली की दरें बढ़ीं, आयोग ने 3.46 प्रतिशत वृद्धि को दी मंजूरी — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### आज देशभर में मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के साथ सोमवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। दिल्ली के जामा मस्जिद स्थित फतेहपुरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कहा, ईद का चांद रविवार देर शाम दिख गया है इसलिए त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। अहमद ने कहा, मस्जिद की रुएत ए हिलाल कमेटी ने कई जगहों पर संपर्क कर उन्हें सूचित किया है कि अलग-अलग जगहों पर चांद देखा गया है। अहमद ने कहा, इस अवसर पर हम प्रार्थना करते हैं कि देश में सौहार्द और भाईचारा प्यार के साथ बढ़ता और मजबूत होता रहे। रमजान के बाद ईद का त्योहार दुनिया के विभिन्न देशों में अलग-अलग दिनों में चांद दिखाई देने के अनुसार मनाया जाता है।

### अब इधर-उधर जाने का सवाल ही नहीं



**पटना, एजेंसी।** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर सभी दलों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह फिलहाल बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर भाजपा को भरोसा दिया कि अब वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि एनडीए में बने रहेंगे। दरअसल, पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए।

### म्यांमार में भूकंप के बाद मरने वालों की संख्या 17 हजार हुई

**यांगून, एजेंसी।** म्यांमार में आए भूकंप में लगभग 1,700 लोग मारे गए, 3,400 घायल हुए तथा 300 लोग लापता हैं। देश की राज्य प्रशासन परिषद ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने शनिवार को म्यांमार सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुये कहा कि म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके बंगलादेश, भारत, लाओस, चीन और थाईलैंड में महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने दिन में पहले बताया कि भूकंप से भूमिगत तेल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बिजली की लाइनें भी कट गई हैं और ईंधन की कमी को कम करने के लिए तेल के टैंकर देश के तटों पर पहुंच रहे हैं।

### उत्तर पश्चिम भारत में आज से बढ़ेगी गर्मी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो दिनों से उत्तर भारत में तेज सहती हवाएं चलने से मौसम में नमी आ गई है, लेकिन आज से उत्तर पश्चिम भारत में फिर गर्मी बढ़ेगी और अधिकतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। उत्तर पश्चिम भारत में शनिवार को भी अधिकतम 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। वहीं, जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर भारत के मेघालय और दक्षिण के केरल तक कुछ स्थानों पर हल्की व मध्यम बारिश हुई। वहीं, हरियाणा के पंचकूला में बादल छाए रहे।

### सीबीआई कोर्ट ने पूर्व उप डाकपाल को 5 साल की सजा सुनाई

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** सीबीआई की विशेष अदालत ने आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के पूर्व उप डाकपाल बोत्सा पेडा रामा राव को मनरेगा मजदूरी में फर्जीवाड़ा करने और सरकारी धन के गबन के मामले में 5 साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 37.12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला विशाखापत्तनम की विशेष सीबीआई कोर्ट ने सुनाया। सीबीआई ने इस मामले की शुरुआत 23 मई 2016 को की थी, जब बोत्सा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोप था कि उप डाकपाल ने 11 जुलाई 2010 से 12 अक्टूबर 2015 तक उत्तरावल्ली और डोनकिनावालासा के उप डाकघरों में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी की। बोत्सा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी वितरण में हेराफेरी की।

कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास हादसा हुआ

# कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे

- हादसे में 1 की मौत, 8 घायल
- बेंगलुरु से असम जा रही थी ट्रेन



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि आठ यात्री घायल हुए हैं। ट्रेन के पटरी से उतरने के मामले में जिलाधिकारी (डीएम) दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा, 'घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, 8 लोग घायल हैं। जिन घायलों को रेफर करने की जरूरत थी और उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

ट्रेन संख्या 12251 बेंगलुरु से असम के गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जा रही थी। दुर्घटना के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। रेलवे प्रशासन ने बताया है कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए नई ट्रेन का बंदोबस्त किया गया है। इस हादसे के बाद नीलाचल एक्सप्रेस, धौली एक्सप्रेस, पुरुलिया एक्सप्रेस का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है. मेडिकल टीम, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड कर्मचारी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हुए हैं। रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं ताकि प्रभावित यात्रियों को किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त हो सकें। भुवनेश्वर के लिए हेल्पलाइन नंबर 8455885999 और कटक के लिए हेल्पलाइन नंबर 8991124238 उपलब्ध हैं।

हिमाचल प्रदेश में बड़ा हादसा

### गाड़ियों पर गिरा पेड़, 6 की मौत

हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में नव संवत के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिर गया। पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं। घायलों को कुल्लू अस्पताल लाया जा रहा है। फिलहाल, मरने वालों की पहचान की जा रही रही है।

# बीजापुर में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में रविवार को 68 लाख रुपये के इनाम की घोषणा वाले 13 नक्सलियों समेत कुल 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन और अन्य माओवादी संगठनों के सदस्य शामिल थे।

आत्मसमर्पण करने वालों में 02 प्लाटून सदस्य, मिलिशिया सदस्य, और अन्य प्रमुख माओवादी संगठन के सदस्य थे। पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेन्द्र यादव और डीआईजी सीआरपीएफ देवेंद्र सिंह नेगी मीडिया कर्मियों से इसे लेकर जानकारी साझा की। पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेन्द्र यादव ने कहा कि यह आत्मसमर्पण माओवादी संगठन से मोहभंग का संकेत है। विभिन्न नक्सली समूहों के सदस्यों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है, जिनमें पीएलजीए के सदस्य, जनताना सरकार के अध्यक्ष, केएएमएस अध्यक्ष, सीएनएम सदस्य और अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल हैं। डॉ. यादव ने इस सफलता का श्रेय बीजापुर पुलिस, डीआरजी, सीआरपीएफ, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा बलों को दिया।

### नक्सलियों का मनोबल टूटा : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इनकी लगातार बढ़ती नक्सल विरोधी कार्रवाई और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विकास योजनाओं के प्रभाव से नक्सलियों का मनोबल टूटा है और अब वे मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण कर रहे हैं। 1 जनवरी 2024 से अब तक छत्तीसगढ़ में कुल 656 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, 346 ने आत्मसमर्पण किया है, और 141 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं। 2025 में अब तक 157 माओवादी गिरफ्तार हुए हैं और 157 ने आत्मसमर्पण किया, वहीं 83 माओवादी मुठभेड़ में मारे गए। उन्होंने अपील की कि जो माओवादी अभी भी आंदोलन में शामिल हैं, वे सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं, ताकि वे शांति से जी सकें।

गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

## मणिपुर, नगालैंड व अरुणाचल में अफस्पा बढ़ाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को मणिपुर के पूरे क्षेत्र में लागू कर दिया है, हालांकि 13 पुलिस थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तीरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा को अगले छह महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं नगालैंड में भी अफस्पा का विस्तार किया गया है। इसे आठ जिलों और राज्य के अन्य पांच जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया है। यह विस्तार अगले छह महीनों के लिए प्रभावी रहेगा।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पांच जिलों के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर में 1 अप्रैल 2025 से अगले छह माह तक, यदि इस घोषणा को इससे पहले वापस न लिया जाए, 'अशांत क्षेत्र' के रूप में घोषित किया जाता था।

### इन इलाकों में अफस्पा लागू नहीं होगा

मणिपुर के जिन पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में अफस्पा लागू नहीं किया गया है। उनमें इंफाल, लाम्फाल, सिटी, सिंगजामी, पाटसोई, वांगोई, पोरोम्पट, हिंगांग, इरिलबुंग, थौबल, बिष्णुपु, नाम्बोल और काकचिंग शामिल हैं।

### मणिपुर में 3 उग्रवादी गिरफ्तार

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग हिस्सों से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित पीआरईपीएके (प्रो) के एक सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के खुरकुल से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान निंगथौजम बोबॉय सिंह उर्फ खोंगनांगथाबा (37) के रूप में हुई। प्रतिबंधित केसीपी के एक सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के सावोमबंग में उसके घर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विक्रम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दी डी-लिट की मानद उपाधि

# जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता : राज्यपाल



**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है। जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, धर्म, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान और व्यापार के क्षेत्रों में भारत के मानचित्र पर उज्जैन की अपनी विशिष्ट पहचान है।

श्री पटेल आज विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के 29 वे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई। श्री पटेल ने कहा कि दीक्षित होने वाले विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरुजनों का आजीवन सम्मान करें, तभी हम अपने समाज और राष्ट्र की सेवा कर सकेंगे और हमारा जीवन बेहतर होगा। एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनकर हम अपने देश की प्रगति में योगदान दे सकेंगे। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आज जिन विद्यार्थियों को दीक्षित किया जा रहा है, वे सभी अपने ज्ञान का सदुपयोग समाज और देश की सेवा में करें। एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें। इसके पहले विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य अर्पण भारद्वाज और कुल सचिव अनिल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद राज्यपाल और मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्प-गुच्छ, शॉल, अश्वगंधा का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।

मुख्यमंत्री ने की घोषणा

### विक्रम विवि अब सम्राट विक्रमादित्य विवि के नाम से जाना जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विक्रम विश्वविद्यालय का नाम सम्राट विक्रमादित्य करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि माधव विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में शीघ्र ही विशाल सभागार बनाया जाएगा। डॉ. यादव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई है, वे अपनी प्रतिभा का उपयोग अभीष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए करें। समाज-सेवा और राष्ट्र की सेवा करें। डॉ. यादव ने उज्जयिनी के गौरव दिवस और विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के साथ अन्य उपलब्धियां अर्जित की हैं। यह उपलब्धियां विद्यार्थियों के ज्ञान और विद्या के साथ उनका उत्तरदायित्व भी बढ़ाती हैं। विद्यार्थियों के लिए भविष्य की अनेक संभावनाएं विद्यमान हैं।

## कल से बदल जाएंगे आयकर से जुड़े कई नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नया वित्त वर्ष शुरू होने में 48 घंटे से भी कम का समय बचा हुआ है। इसके साथ ही इनकम टैक्स से जुड़े कई नियमों में बदलाव होने जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट 2025 में कई अहम ऐलान किए गए थे, जो कि एक अप्रैल से लागू हो रहे हैं, जिनका सीधा असर वेतन पाने वाले लोगों की जेब पर पड़ेगा। इन नए नियमों में इनकम टैक्स में अधिक छूट से लेकर टीडीएस नियमों में हुए बदलाव शामिल हैं। वित्त मंत्री द्वारा बजट में नई टैक्स रिजीम के तहत इनकम टैक्स में बढ़ाई गई छूट एक अप्रैल से लागू हो रही है। अब 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले लोग इनकम टैक्स छूट के दायरे में आएंगे। पहले यह आंकड़ा 7 लाख रुपए पर था।

इसके अलावा, अगर वेतन पाने वाले लोगों को मिलने वाली 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड डिडक्शन की छूट को मिला जाए तो इनकम टैक्स में छूट बढ़कर 12.75 लाख रुपये हो जाती है। हालांकि, इनकम टैक्स छूट में कैपिटल गेन को शामिल नहीं किया गया है। इस पर अलग से टैक्स लगाया जाएगा। सरकार ने नई टैक्स रिजीम के तहत नए टैक्स स्लैब भी पेश किए हैं, जबकि पुरानी टैक्स रिजीम में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है । अब नई टैक्स रिजीम के तहत 4 लाख रुपए तक की आया इनकम टैक्स-फ्री होगी, जबकि 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए के बीच की इनकम पर 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इनकम बढ़ने के साथ टैक्स की दरें धीरे-धीरे बढ़ती जाएंगी और 24 लाख रुपए से अधिक इनकम पर यह 30 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। केंद्र सरकार ने बजट में सेक्शन 87ए के तहत मिलने वाली टैक्स छूट को 25,000 रुपए से बढ़ाकर 60,000 रुपए कर दिया है, जिससे नई टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स-फ्री हो जाएगी। बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज पर टीडीएस कटौती की सीमा को 40,000 रुपये ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मोदी ने आरएसएस को जमकर सराहा, बोले-

# जहां सेवा कार्य, वहीं स्वयंसेवक



### माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इसके स्वयंसेवकों को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। ये अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को हमारे राष्ट्र की चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि जहां भी सेवा कार्य किया जा रहा है, वहां स्वयंसेवक हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र यज्ञ के इस पावन अनुष्ठान में मुझे आज यहां आने का सौभाग्य मिला है। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ये दिन बहुत विशेष है। आज से नवरात्रि का पवित्र पर्व शुरू हो रहा है। देश के अलग अलग कोनों में आज गुड़ी पड़वा, उगादी और नवरेह त्योहार भी मनाया जा रहा है। आज भगवान झूलेलाल जी और गुरु अंगद देव जी का अवतरण दिवस भी है। ये हमारे प्रेरणापुंज परम पूज्यनीय डॉ साहब की जयंती का भी अवसर है। इसी साल आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। आज इस अवसर पर मुझे स्मृति मंदिर जाकर पूज्य डॉ. साहब और पूज्य गुरुजी को श्रद्धांजिल अर्पित करने का सौभाग्य मिला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्मृति मंदिर का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी ने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कश्मीरियों ने रमजान में बनाया नया रिकॉर्ड

# 30 करोड़ के खजूर, 72 करोड़ के तरबूज खाए

• सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू, देशबन्धु।** यह रमजान कश्मीर के लोगों के लिए पिछले साल की तुलना में बहुत फलदायी रहा है क्योंकि कश्मीर वासियों ने रिकार्ड मात्रा में खजूर और फल विशेष रूप से तरबूज और केला खाया। कश्मीर के लोगों ने 30 करोड़ रुपये के खजूर, 72 करोड़ रुपए से अधिक के तरबूज और 65 करोड़ रुपये के केले खाए, जो हाल के वर्षों में एक रिकॉर्ड है। कश्मीर घाटी फल उत्पादक-सह-डीलर संघ द्वारा संकलित डेटा से संकेत मिलता है कि श्रीनगर के परिमपोरा में सबसे बड़ी फल मंडी में महीने के दौरान हर दिन 60 ट्रक तरबूज की आमद हुई।

**65 करोड़ के केले भी खाए**

संघ के अध्यक्ष बशीर अहमद बशीर बताते थे कि प्रत्येक ट्रक की कीमत लगभग 4 लाख रुपये है, जिसका मतलब है कि कश्मीर के लोगों ने इस रमजान में 72 करोड़ रुपए के तरबूज खाए। बशीर के बकौल, पिछले साल, ऐसी अफवाहें फैलीं कि तरबूजों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए उनमें रसायन मिलाए जा रहे हैं, जिससे बिक्री कम हुई। हालांकि, इस साल हमने रिकार्ड बिक्री देखी है।

खजूर के बारे में बशीर कहते थे कि कश्मीरियों ने रमजान के 28 दिनों के दौरान 25 करोड़ रुपये से 30 करोड़ रुपए के खजूर खाए। उन्होंने बताया कि यह भी एक रिकार्ड है। लोगों ने इस रमजान में बड़ी मात्रा में मेजदूल, अजवा, कलमी और अन्य सहित कई तरह के खजूर खाए हैं। जबकि परिमपोरा मंडी में भी इस साल केले के ट्रकों की रिकॉर्ड संख्या देखी गई। बशीर के मुताबिक, मंडी में रोजाना केले के 30 ट्रक आते हैं, जिनमें से प्रत्येक ट्रक की कीमत 6 लाख रुपए से 7 लाख रुपए होती है। इसका मतलब है कि कश्मीर ने रमजान के दौरान 64 करोड़ रुपये के केले खाए। तरबूज और केले के अलावा, अंगूर और खरबूजे भी बड़ी मात्रा में खाए गए। बशीर द्वारा मुहैया जानकारी के मुताबिक, मंडी में रोजाना 30 ट्रक तरबूज आते हैं, इस महीने में कुल 900 ट्रक तरबूज आए हैं। प्रत्येक ट्रक की कीमत 5 लाख रुपए है। अंगूर भी बराबर मात्रा में खाए गए। बशीर ने इस रमजान में फलों की खपत के रुझान में बदलाव की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि इस सीजन में पपीते की मांग बहुत अधिक रही, मंडी में रोजाना लगभग दस ट्रक तरबूज आते हैं। प्रत्येक ट्रक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## सार समाचार

### म्याना में दुबारा लगी फसल में आग, 2 बीघे का गेहूं जला

**गुना, देशबन्धु।** म्याना कस्बे में एक बार फिर फायर ब्रिगेड की कमी का खामियाजा किसान को भुगतना पड़ा है। कस्बे में आगजनी की घटना सामने आई है, जिसमें करीब 2 बीघा क्षेत्र से काटकर रखी गई गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।

जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह म्याना चौराहे पर स्थित राकेश सोनी के खेत में रखी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर खेत के दूसरे हिस्से में फसल काट रहे मजदूर और ग्रामीण अपने-अपने स्तर पर बर्तनों में पानी लेकर दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की तत्परता से कटी हुई कुछ फसल बचा ली गई, लेकिन अधिकांश फसल आगजनी की चपेट में आकर जलकर राख हो गई। किसान ने शॉर्ट सर्किट की वजह से आगजनी होने की आशंका जताई है। हालांकि जानकारी मिलने पर म्याना पुलिस ने मौका मुआयना किया और जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है। घटनाक्रम के दौरान ग्रामीणों ने म्याना जैसे बड़े कस्बे में फायर ब्रिगेड नहीं होने को लेकर एक बार फिर चिंता जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर म्याना ग्राम पंचायत के पास फायर ब्रिगेड होती तो संभवत: नुकसान कम होता और इलाके में होने वाली आगजनी की अन्य घटनाओं पर भी तुरंत काबू पाने में सफलता मिल सकती थी। बता दें कि म्याना क्षेत्र में इससे पहले भी आगजनी के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें अब तक लोगों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। इसलिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बार-बार फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई जा रही है।

### अध्यापक संघ ने की स्कूलों का समय बदलने की मांग

**गुना, देशबन्धु।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने गर्मी का असर बढने् के चलते स्कूलों का समय बदलने की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल टेलर ने बताया कि शासकीय विद्यालयों में सीमित भौतिक संसाधनों जैसे ठंडे पानी की व्यवस्था पंखे कूलर की व्यवस्था न होने से बढ़ते हुए तापमान के कारण निर्धारित समय में छोटे-छोटे विद्यार्थियों का बैठना कठिन हो जाएगा और बच्चों को एवं शिक्षकों को लू लगने का खतरा बना रहेगा। संगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर जिले के स्कूलों को प्रात: कालीन समय 7.30 से 11.30 तक संचालित करने का निवेदन किया है, जिससे बढ़ाते हुए तापमान से बच्चों और शिक्षकों का बचाव हो सके। संगठन के मुताबिक पूर्व में भी कई बार अप्रैल माह में शाला का समय परिवर्तन होता रहा है।

### भारत विकास परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह



**कुंभराज, देशबन्धु।** भारत विकास परिषद द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में संगठन की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों के समर्थन एवं सहयोग से अध्यक्ष पद के लिए सुधीर शर्मा, सचिव मनीष साहू, कोषाध्यक्ष अंकित जैन को मनोनीत किया गया है। भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी है। साथ ही पिछले साल में हुए भारत विकास परिषद द्वारा सभी कामों का विवरण दिया गया। मंच का संचालन विष्णु सोनी ने किया। आभार अंकित सरवैया ने माना। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नए संकल्प, नई ऊर्जा के साथ नव संवत्सर का अभिनंदन







- जिले में उत्साह के साथ मनाया गया गुड़ी पड़वा पर्व
- 501 दीपकों से की गई टेकरी सरकार की महाआरती

**गुना, देशबन्धु।** हिंदू नववर्ष और गुड़ी पड़वा पर्व रविवार को जिलेभर में उत्साह, उमंग और विधि-विधान के साथ मनाया गया। लोगों ने नववर्ष की एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी, मंदिरों में पूजा-अर्चना हुई और दिनभर सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। जिले में नए संकल्प, नई ऊर्जा के साथ नूतन वर्ष नव संवत्सर का अभिनंदन किया गया।

गुड़ी पड़वा और हिंदू नववर्ष पर सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन जिले के सबसे बड़े धार्मिक स्थल टेकरी सरकार मंदिर पर देखने को मिला। यहां सुबह 9.30 बजे 501 दीपकों के साथ महा आरती की गई। जिसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। खास बात यह रही कि आरती का समय लोगों के लिए अनुकूल रहा, इसलिए भीड़ भी उसी अनुपात में मंदिर प्रांगण और परिसर में नजर आई। लोगों ने भक्तिभाव के साथ टेकरी सरकार के सामने नव संवत्सर पर नए संकल्प लिए। टेकरी ट्रस्ट की ओर से गुड़ी पड़वा और नव संवत्सर की वजह से मंदिर में विशेष इंतजाम किए गए थे। आरती के दौरान हनुमानजी को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या न हो इसके लिए खास इंतजाम किए गए थे। मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया गया था। हनुमानजी महाराज का विशेष और आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसे श्रद्धालु निहारते नजर आए। इसके बाद दिन भर हनुमान टेकरी मंदिर प्रांगण में लोगों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने इस बात पर जोर दिया कि अंग्रेजी नववर्ष के स्थान पर सनातियों को हिंदू नववर्ष मनाना चाहिए।

**ऐसे हुई पहले दिन की शुरुआत :** नव संवत्सर का पहला दिन रीति-रिवाज और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ शुरु हुआ। सूर्योदय से पूर्व ही टेकरी सरकार के मंदिर प्रांगण में सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए थे। भक्तों ने सूर्योदय होते ही अर्घ्य देकर साल के पहले सूर्योदय का अभिनंदन किया। सभी ने संकल्प लिया कि नूतन वर्ष में जनहित में नवाचार होंगे, मानवता को सर्वोपरि माना जाएगा।

**माता रानी की आराधना का सिलसिला शुरु :** नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि का भी शुभारंभ हो गया है। इसी के साथ शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ पहले ही दिन से उमड़ रही है। श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ माता रानी की आराधना शुरु कर दी गई है। सनातन संस्कृति में चैत्र नवरात्रि का महत्व बेहद खास है। इसी के चलते नवरात्रि के पहले ही दिन जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब पूजा-अर्चना करने के लिए उमड़ पड़ा। जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर घनों जंगलों में विराजमान मां बीस भुजा देवी की भक्ति के लिए जिले के अलावा राजस्थान से भी श्रद्धालुओं का आवागमन दिनभर जारी रहा। मंदिर प्रांगण में दोपहर के समय चांचौड़ा के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और माता रानी से क्षेत्र में सुख-समृद्ध बरकरार रखने की अर्जी लगाई। इसी तरह जिला मुख्यालय पर स्थित मां शीतला की भक्ति के लिए भी सुबह 4.30 बजे से श्रद्धालुओं की मौजूदगी मंदिरों में देखने को मिली। खासकर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ माता के मंदिर में आराधना की और अपने परिवार व शहर की सुख-शांति एवं सम्पन्नता के लिए अर्जी लगाकर जल और आहार अर्पित किया। कुछ ऐसा ही नजारा सिरसी के एकांत क्षेत्र में विराजमान मां निहाल देवी के मंदिर में भी देखने को मिला है। जहां परम्परा के मुताबिक बमौरी और राजस्थान के बारां सहित शिवपुरी जिले के बदरवास क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने पहले दिन भक्ति आराधना और पूजा कर माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई है। वहीं चैत्र नवरात्रि पर इस बार शहर में पहली बार झांकी भी सजाई गई है। तलैया मोहल्ला में आयोजन समिति की ओर से माता रानी की प्रतिमा स्थापित की गई।

**देर शाम निकला भव्य चल समारोह :** नव संवत्सर पर इस बार कई कार्यक्रमों का पहली बार आयोजन किया गया। इसी सिलसिले में भारत विकास परिषद की अगुवाई में भव्य चल समारोह निकाला गया। शाम 4 बजे चल समारोह का शुभारंभ हनुमान चौराहे से हुआ। चल समारोह में परिषद के अलावा शहर के कई सामाजिक संगठन, क्लब और संस्थान शामिल हुए। शहर के हाट रोड, निचला बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज होते हुए आर्य समाज पहुंचने तक चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया। किसी ने पुष्पवर्षा की तो किसी ने मिष्ठान खिलाकर चल समारोह में शामिल लोगों का स्वागत किया।

## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत दिया प्रशिक्षण



**गुना, देशबन्धु।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बमोरी में संचालित आज 251 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन आंगनबाड़ियों में पदस्थ 242 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का बैच बनाकर 3 बैच में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रथम बैच 24 से 26 मार्च द्वितीय तृतीय मैच 27 से 29 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा ईसीसीई के सूत्रीकरण के लिए पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सक्षम आंगनबाड़ी और मिशन पोषण 2-0 के तहत एक कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की समझ विकसित करने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षक श्रीमती वंदना रघुवंशी, कमलेश नामदेव, पति सुनीता काकोरिया प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा दिया जा रहा है।

## विधायक ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



**गुना, देशबन्धु।** जनपद पंचायत गुना की ग्राम पंचायत सिरसी कला में विधायक पन्नालाल शाक्य द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत विधायक द्वारा ग्रामवासियों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिरसी कला के पंचायत भवन एवं ई-कक्ष पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। साथ ही खेत तालाब, प्राचीन कुआं के मरम्मत का कार्य को प्रारंभ किया गया। विधायक द्वारा सभी ग्राम पंचायत में रूफ हार्वेस्टिंग, बोर रिचार्ज और मानसून के समय ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाने की अपील की गई।

## अनियंत्रित ट्रक ने जमकर मचाया तांडव



- ट्रैक्टर, स्कूटी और बुलेट को किया क्षतिग्रस्त

**गुना, देशबन्धु।** अशोकनगर की ओर से गुना आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने कैंट क्षेत्र में जमकर तांडव मचाया। लहराते हुए हनुमान चौराहे की ओर बढ़ रहे ट्रक ने पहले एक नए-नवेले ट्रैक्टर का हुलिया बिगाड़ दिया, इसके बाद एक स्कूटी और मोटरसाइकिल को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। गनीमत यह रही कि ट्रक आगे जाकर रुक गया, अन्यथा सड़क किनारे मकान उसकी चपेट में आ सकते थे और जनहानि भी हो सकती थी।

पूरा वाकया रविवार दोपहर लगभग 12.30 बजे का है। अशोकनगर से गुना की ओर आ रहा ट्रक क्रमांक एमपी 06 एच सी 5447 नेहरू पार्क के नजदीक अनियंत्रित हो गया। ट्रक पर चालक का नियंत्रण बिल्कुल भी नहीं था। अनियंत्रित ट्रक ने सबसे पहले बीड़ी कारखाने के सामने गुजर रहे नए ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मारी, जिससे उसका सामने वाला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और टायर भी फट गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर गुना स्थित जॉन डियर शोरूम से अशोकनगर शोरूम भेजा जा रहा था, जहां किसी ग्राहक को उसकी डिलीवरी दी जानी थी। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक ने कुछ ही दूरी पर खड़ी एक स्कूटी को कुचल दिया और आगे जाकर बुलेट मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए उसके परखच्चे उड़ा दिए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक किसी तरह सड़क किनारे पड़े कबाड़ से टकराकर रुक गया। अगर थोड़ी देर और हो जाती तो आसपास के मकान भी ट्रक की चपेट में आ सकते थे। हालांकि इसके बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और जमकर खबर भी ले डाली। गनीमत यह रही कि कुछ जागरुक नागरिकों ने ट्रक चालक को आक्रोशित लोगों के चंगुल से छुड़ा लिया और पुलिस को सूचना दे दी। लोगों में गुस्सा इसलिए भी देखा जा रहा था क्योंकि ट्रक चालक भारी नुकसान करने के बावजूद अपनी गलती नहीं मान रहा था और दुकानदारों व पीड़ितों के साथ बहस करने लगा। कुछ देर बाद कैंट पुलिस मौके पर पहुंचे और चालक को अपने साथ थाने में ले गई है। मौके पर मौजूद लोगों ने दावा किया है कि ट्रक चालक नशे में था, पुलिस पुष्टि करने के लिए उसका मेडीकल परीक्षण कराने की बात कही है।

## गुना रेलवे स्टेशन पर पहुंची मेला स्पेशल ट्रेन, 7 दिन चलेगी

**गुना, देशबन्धु।** त्यौहारों का सीजन देखते हुए रेलवे ने भोपाल से इटावा तक एक नई रेलगाड़ी का संचालन शुरु कर दिया है। हालांकि यह रेल सेवा महज 7 दिनों के लिए उपलब्ध कराई गई है। भोपाल से इटावा जाने वाली गाड़ी संख्या 06102 रविवार को गुना रेलवे स्टेशन पर पहुंची, जहां यात्रियों के साथ-साथ रेलवे सलाहकार उपभोक्ता समिति के सदस्य सुनील आचार्य ने भी अस्थाई रेलगाड़ी का स्वागत किया।

भोपाल-इटावा तक चलने वाली अस्थाई गाड़ी संख्या 06102 रोजाना सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर भोपाल से रवाना होगी और सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर गुना पहुंच जाएगी। जिन यात्रियों को गुना से शिवपुरी और ग्वालियर होते हुए इटावा तक सफर करना है, उनके लिए यह सुविधा बेहद खास मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि 7 दिनों के लिए चलाई जा रही इस गाड़ी को मेला स्पेशल नाम दिया गया है। हालांकि रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य ने रेलवे बोर्ड से इस गाड़ी का संचालन नियमित करने की मांग की है। बताया गया है कि गुना में सुबह 4 बजकर 50 मिनट से अपरान्ह 3 बजकर 50 मिनट के अंतराल में लगभग 10 घंटे तक कोई भी गाड़ी ग्वालियर की ओर जाने के लिए नहीं है। इसलिए मेला स्पेशल गाड़ी को नियमित करने से बड़ी संख्या में यात्री लाभान्वित होगें। इस संबंध में गुना के यात्रियों की मांग जेडयूआरसीसी मेम्बर द्वारा रेलवे बोर्ड तक पहुंचाई जा रही है।




# विधायक बोले मैं बिकाऊ नहीं



**गुना, देशबन्धु।** गुना विधायक पन्नालाल ने कहा कि हमारे सामने भी बहुत लालच और भय आते हैं, भय की तो बात नहीं, लेकिन जब कोई लालच आता है तो मैं कह देता हूं कि यह माल बिकाऊ नहीं है। मानस भवन में आयोजित नवसंवत्सर कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक पन्नालाल ने कहा कि हर कोई किसी न किसी गुण से संपन्न होता है। उसमें कुछ विशेषताएं होती हैं, पर जो श्रेष्ठ मानवीय गुण वाले होंगे, उन्हें मौका नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि हम कौन थे, क्या हो गए हम और अभी क्या होंगे, आओ विचारें आज मिलकर। जब सत्ता, शासक से कहीं गलती होती है, तो समाज उसे सुधार देता है। और जब समाज से गलती होती है, तो सत्ता उसे समझा देती है। अब ये अपन को विचार करना है कि हमको इस समाज को सुधारने के लिए सत्ता को सौंपना है, या सत्ता को सुधारने के लिए समाज को सौंपना है। श्री पन्नालाल ने कहा कि शिवाजी को उनकी मां रामायण और महाभारत के पात्रों की कथा सुनाया करती थीं। इन कथाओं को सुनकर ही शिवाजी ने अपनी मां से कहा कि आप जैसा चाहती हैं, वैसा ही बनूं। अब हमने रामायण पढ़ना बंद कर दिया, आदर्श पुरुषों के चित्र हमने घरों में लगाना बंद कर दिया। ऐसा क्यों हुआ? इस चकाचौंध में हम अपनी विरासत खुद ही छोड़ रहे हैं और आज हम नया संवत्सर मना रहे हैं।

## चांचौड़ा में पेट्रोल पम्प पर लूट करने वाले चारों आरोपी हिरासत में

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थाना क्षेत्र में पेट्रोल पम्प पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चारों बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उत्तरप्रदेश के आगरा निवासी इन बदमाशों ने देवास जिले में एक पेट्रोल पम्प भी पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था, जहां यह पकड़े गए थे। चांचौड़ा पुलिस से देवास पुलिस ने बदमाशों की सुपुर्दगी ली है। पुलिस के मुताबिक 12 फरवरी की रात एक कार से आए चार अज्ञात बदमाश जिले के चांचौड़ा थाना अंतर्गत ग्राम मोई खैजराड़ा स्थित माधव फ्यूल पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से मारपीट कर पेट्रोल पंप के गल्ले से करीब 70 हजार रुपए सहित सीसीटीवी का डीवीआर लूटकर ले गए थे। घटना के बाद पेट्रोल पम्प के सेल्समैन सतीश विश्वकर्मा निवासी ग्राम देंदला की रिपोर्ट पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस को खबर मिली कि चांचौड़ा क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चारों बदमाशों ने देवास जिले के टोंकखुर्द थाना क्षेत्र में भी एक पेट्रोल पम्प पर ऐसी ही वारदात को अंजाम दिया था, जहां बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# *विद्यार्थी जी के आदर्शों पर चल, सरकार को जवाबदेह बनाएं पत्रकारः सिंधिया*

***अशोकनगर, देशबन्धु।*** *पत्रकार, पत्रकार जगत के नवरत्न गणेश शंकर विद्यार्थी जी के आदर्शों पर चलते हुए सरकार को जवाबदेह बनाने का कार्य करें। पत्रकारों का दायित्व प्रजातंत्र में संविधान के चौथे स्तंभ के रूप में पहरेदार और संरक्षक का कार्य है।*

*यह बात केन्द्रीय दूर संचार मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार गुड़ी पड़वा के दिन जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित अमर शहीद पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति दिवस एवं संघ की नवीन कार्यकारिणी शपथ विधि एवं सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर बोलते हुए कही।*

*कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी की प्रतिमा एवं गणेश शंकर विद्यार्थी जी के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुई। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया का संघ के अध्यक्ष अरविन्द जैन एवं महासचिव देवेन्द्र ताम्रकार ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।*

*कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर आए अविभाजित गुना के वरिष्ठ पत्रकार नारायण जे.आचार्य, महावीर सिंह तोमर, योगेन्द्र लुम्वा का संरक्षक मण्डल से नीरज शुक्ला एवं पवन जैन उपाध्यक्ष मनोज कलाकार द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया।*



*केन्द्रीय दूर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नवीन कार्यकारिणी को गुड़ी पड़वा पर बधाई और शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस अवसर में पत्रकार संघ को जिम्मेदारी भी दे रहा हूं कि प्रजातंत्र में पत्रकारों की बहुत जिम्मेदारी है, संविधान के चौथे स्तंभ के रूप में वह पहरेदार और संरक्षक भी हैं। हर एक को सचेत और सूचित करना पत्रकारों के ऊपर जिम्मेदारी का कार्य है।*

*सिंधिया ने कहा कि आजादी के समय मोबाइल रूपी डब्बा नहीं हुआ करता था। पत्रकार लिखकर एक -एक गांव से दूसरे गांव सूचना पहुंचाते थे। उस समय पत्रकार जगत के नवरत्नों में गणेश शंकर विद्यार्थी ने पूरे देश को संगठित करने का कार्य किया। पत्रकार की कलम तलवार से भी तेज होती है। पर अब सोशल मीडिया का ट्रेंड आ गया है, फेक न्यूज चल रही हैं। पत्रकारों की जिम्मेदारी है, लोगों को फेक न्यूज और सत्य न्यूज में अंतर बताना।*

*सिंधिया ने कहा कि में पत्रकार संघ को जिम्मेदारी देता हूं कि अशोकनगर एवं आसपास के क्षमता वान युवक-युवतियों को पत्रकारिता के लिए प्रेरित करें, उनकी पाठशालायें शुरू करें, एआई का इस्तेमाल करें। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकार जगत में आदत हो गई है कि सेंसिटिव न्यूज करो । समाज में हो रहे अच्छे काम भी दिखाओ, देश की जनता को क्या दिखा रहे हो ,इस पर विचार कर पत्रकारिता करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जी के आदर्शों पर चलने के साथ वरिष्ठ पत्रकारों को मॉडल मानकर पत्रकारिता करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संघ के संरक्षक मनोज जैन ने जिला पत्रकार संघ के विस्तार पर प्रकाश डाला एवं स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष अरविन्द जैन ने दिया।*

*सफलता का रहस्य, हनुमान चालीसा पुस्तक का विमोचन*

*इस अवसर पर सिंधिया ने वरिष्ठ पत्रकार नीरज शुक्ला द्वारा लिखित पुस्तक श्री हनुमान चालीसा सफलता का रहस्य का विमोचन भी किया। आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, कलेक्टर सुभाष द्विवेदी, एसपी विनीत जैन एवं आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

# चैत्र नवरात्र शुरू, मंदिरों में उमड़ी भीड़



**भोपाल, देशबन्धु।** देवी आराधना का 9 दिवसीय पर्व चैत्र नवरात्र रविवार से शुरु हो गया। इसके साथ ही आज से सनातन धर्म का नववर्ष विक्रम संवत भी आज से शुरु हुआ। इस अवसर पर शहर में अनेक धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

चैत्र नवरात्र पर आज अल सुबह से ही सनातनी श्रद्धालुओं का विभिन्न देवी मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया था। यहां श्रद्धालुओं ने देवी की विशेष पूजा-अर्चना कर विश्व शांति की प्रार्थना की। वहीं मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा के साथ ही प्रतिमाओं का विशेष श्रंगार किया गया। यहां 9 दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

## तरावली हरसिद्धि मंदिर में बनेगा 101 फीट ऊँचा भव्य शिखर

**बैरसिया ,देशबन्धु।** प्रसिद्ध मां हरसिद्धि मंदिर तरावली में 101 फीट ऊँचे भव्य शिखर का निर्माण जल्द शुरू होगा। महाराष्ट्र के विशेष कारीगर इस भव्य शिखर का निर्माण करेंगे, जिससे मंदिर की सुंदरता और आकर्षण और अधिक बढ़ेगा। मंदिर ट्रस्ट समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस कार्य के लिए ग्राम पुराखाना निवासी स्व. अजब सिंह यादव के सुपुत्र जगन्नाथ सिंह यादव एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राम सिंह यादव ने 51 लाख रुपये दान देने की घोषणा की। बैरसिया क्षेत्र में पहली बार माता रानी के शिखर निर्माण के लिए इतनी बड़ी राशि का दान दिया गया है। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होकर इस पुण्य कार्य में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। दानदाता श्री जगन्नाथ सिंह यादव ने कहा कि यह कार्य हमें माता-पिता और पूर्वजों के आशीर्वाद से करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। दानदाता का नगर में भव्य स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में आयु अस्पताल के संचालक एवं पार्षद चंचल खत्री और उनकी पूरी टीम ने उनके परिवार को सम्मानित कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, पार्षद, गणमान्य नागरिक और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## 31 फीट ऊंची गुड़ी स्थापित, प्रभात फेरी निकाली

मराठी सांस्कृतिक मंडल के सदस्यों ने विक्रम संवत 2082 हिंदू नववर्ष के आगमन पर गणेश मंदिर पिपलानी में समारोह का आयोजन किया। सदस्यों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और मंदिर में प्रदेश की सबसे ऊंची 31 फीट की गुड़ी स्थापित की गई। गुड़ी की स्थापना राम नाम और राम रक्षा स्तोत्र के पाठ के साथ की गई। शंखनाद के साथ प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में सैकड़ों मराठी बांधवों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य करते हुए भाग लिया। इस अवसर पर पार्षद अशोक वाणी मराठी सांस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष महेश ठकार, सचिव विनोद प्रकाश विसे समेत शशिकांत तारे, राम सिंह, भोगे, अमित अभ्यंकर, रविंद्र संकपाल, प्रकाश कानस्कर, मनोज वाणी, निखिल ठाकर, मुकुंद गोडबोले और सुबोध केंदूरकर भी मौजूद थे।

## वैश्य बन्धुओं ने निकाली वाहन रैली




वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई भोपाल गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के अवसर पर रविवार को सोमवारा स्थित माता जी के मन्दिर के पास प्रात 9 बजे से सनातन धर्मावलंबियों को शरबत वितरण एवम तिलक लगाकर स्वागत किया गया! इसके पश्चात दो पहिया वाहन रेली निकली। रैली का शुभारंभ सोमवारा माता मन्दिर से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने किया। रैली प्रभारी वरुण गुप्ता और संयोजक प्रवीण गुप्ता ने बताया कि रैली सिंधी मार्केट , जनक पुरी जुमेराती हनुमान गंज, मंगलवारा, इतवारा, चिंतामन चोक मारवाड़ी रोड जुमेराती गेट पुराना कबाड़खाना रोड होते हुए वापस सोमवारा माता मन्दिर पर समाप्त हुई। रैली में मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में शामिल हुई।

### हर्षोल्लास से मनाया चैतीचांद महोत्सव

# भक्ति और आस्था के साथ निकली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा



**भोपाल, देशबन्धु।** सिंधी समुदाय द्वारा आज चैतीचांद महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपने आराध्य भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्राएं निकाली।

भगवान झूलेलाल की मुख्य शोभायात्रा सिंधी सेन्ट्रेल पंचायत के तत्वावधान में पुराने शहर में निकाली गई। यह शोभायात्रा शाम 4 बजे बैरसिया मार्ग स्थित सिंधी कालोनी से शुरु हुई, जो भोपाल टाकीज, हमीदिया रोड, घोडानिक्कास, जुमेराती, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, सोमवारा, मोती मस्जिदख रेतघाट, कमला पार्क, पोलीटेक्निक चौराहा होते हुए रविन्द्र भवन पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में ढोल-ताशे, बैण्ड, डीजे और भगवान झूलेलाल के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित झांकियों के अलावा लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश देती झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। यह झांकियां समाज की विभिन्न क्षेत्रीय पंचायतों द्वारा बनाई गई थी। शोभायात्रा का मार्ग में विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। वहीं शोभायात्रा के समापन अवसर पर समाज के लोगों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान आकर्षक झांकी बनाने वाली पंचायतों को पुरस्कृत भी किया गया।

उधर विजयनगर उत्थान सिंधी पंचायत, लालघाटी द्वारा भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा श्री गंगा हरि सेवा धाम दरबार, विजय नगर लालघाटी से प्रारंभ होकर विजय नगर, वल्लभनगर, ओम नगर एवं सावन नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति-भाव में लीन होकर भगवान झूलेलाल जी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान झूलेलाल जी का स्वागत किया। इस अवसर पर विधि-विधान से भगवान झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में विजय नगर सिंधी उत्थान पंचायत के संरक्षक रमेश भंभानी, मुख्य सलाहकार हीरानंद गनवानी, अध्यक्ष कैलाश शर्मा, वासुदेव जेठानी, इंद्रदास मेघानी एवं आनंद सबधानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बोहरा समुदाय ने मनाई ईद, मुस्लिम आज मनाएगें



**भोपाल,देशबन्धु।** रमजान माह की इबादतों के समापन के बाद रविवार सुबह बोहरा समाज ने हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फित्र का पर्व मनाया। इस मौके पर शहर की प्रमुख मस्जिदों में सुबह 6 बजे ईद की नमाज अदा की गई, जिसमें समाज के हजारों लोग शामिल हुए। वहीं मुस्लिम समुदाय की रूअत-ए-हिलाल कमेटी ने रविवार शाम चांद नजर आने की पुष्टि कर दी है। लिहाजा मुस्लिम धर्माबलंबियों द्वारा ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। भोपाल जिले में बोहरा समाज के करीब 7 हजार लोग निवास करते हैं। उन्होंने रविवार को हैदरी मस्जिद अलीगंज, बद्री मस्जिद, सेफिया कॉलेज, अहमदी मस्जिद भोपाल टॉकीज, हुसैनी मस्जिद पीरगेट, बुरहारी मस्जिद करौंद और नूर महल मरकज में ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और पारंपरिक पकवान शीर खुरमा का आनंद लिया। परंपरा के अनुसार, बच्चों को ईदी भी दी गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अच्छे अमल (अच्छे काम) जारी रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह भलाई और भाईचारे को बढ़ावा देने का अवसर भी है। उधर मुस्लिम समुदाय के शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी की अगुआई में रुअत-ए-हिलाल कमेटी ने रविवार को मोती मस्जिद में चांद का दीदार किया गया, साथ ही प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों से भी इसकी तस्दीक हुई इसके बाद चांद नजर आने की पुष्टि कर दी है। लिहाजा मुस्लिम समाज द्वारा सोमवार को ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी, जिसके बाद लोग गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देंगे। इस अवसर पर विशेष दुआएं की जाएंगी और जरूरतमंदों में फितरा व जकात बांटी जाएगी।

**ईद की नमाज की समय:** ईदगाह में सुबह 7.30 बजे, जामा मस्जिद में सुबह 7.45 बजे, ताजुल मसाजिद में सुबह 8 बजे, मोती मस्जिद में सुबह 8.15 बजे, जामा मस्जिद (पिपलानी) में सुबह 7.45 बजे, मस्जिद स्वालेहीन (गोविंदपूरा) में सुबह 8.15 बजे, बरखेड़ा मस्जिद में सुबह 8 बजे, हबीबगंज मस्जिद में सुबह 8.15 बजे, निजामुद्दीन मस्जिद में सुबह 8 बजे, प्रेस कॉम्प्लेक्स मस्जिद में सुबह 9 बजे, हज हाउस मस्जिद में सुबह 8 बजे।

# हादसे मंडी बोर्ड कर्मचारी की मौत

## पोता-पोती को घुमाने निकले थे, बाइक सवार ने टक्कर मारी, ऑटो ने कुचल दिया

**भोपाल,देशबन्धु।** चिकलोद रोड पर शनिवार रात एक बाइक सवार ने एक्टिवा चालक मंडी बोर्ड कर्मचारी को टक्कर मार दी। उनके जमीन पर गिरते ही पीछे से आ रहे ऑटो ने उन्हें कुचल दिया। सिर में गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान रविवार दोपहर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जहांगीराबाद पुलिस के मुताबिक देवराज गौतम पुत्र चोखलाल गौतम उम्र 57 वर्ष गीतांजली काम्प्लैक्स इंद्रपुरी में रहते थे और अरेरा हिल्स स्थित मंडी बोर्ड कार्यालय में बतौर भृत्य काम करते थे। वे शनिवार रात को दो मासूम पोते और एक पोती को घुमाने निकले थे। जहांगीराबाद बाजार से उन्होंने सामान खरीदा। इसके बाद में घर के लिए लौट रहे थे। इसी दौरान जिंसी चौराहा के करीब चिकलोद रोड पर एक बाइक सवार ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। इस हादसे में देवराज के जमीन पर गिरते ही पीछे से आ रहे ऑटो ने उन्हें कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि तीनों मासूमों को मामूली चोट आई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिचित उदय दास गंभीर घायल देवराज को पास के अस्पातल ले गए, लेकिन वहां भर्ती करने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां रविवार दोपहर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुचांया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। साथ ही मर्ग दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि घटना स्थल के करीब के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। हादसे के सही कारणों का खुलासा जांच के बाद हो सकेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## सरेराह सिर में डंडा मारकर लूट

**पुलिस चौकी के करीब यात्री को बनाया निशाना**

**भोपाल,देशबन्धु।** अल्पना तिराहा पुलिस चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर यात्री से लूट का मामला सामने आया है। हरे रंग के ऑटो से आए तीन बदमाशों ने युवक को रोका। उससे नकदी और मोबाइल देने की बात कही। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने सिर में डंडा मार दिया। इसके बाद मोबाइल छीनकर भाग निकले। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 100 से लहूलुहान युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। फरियादी बसंत प्रताप सिंह राजपूत ने बताया कि वह विदिशा के रहने वाले हैं। वहीं किसानी करते हैं, घूमने के इरादे से शनिवार की सुबह भोपाल आए थे। यहां करोंद में रहने वाले दोस्त के साथ घूमे और रात के समय घर निकलने के लिए भोपाल स्टेशन जा रहे थे। रात करीब 7~35 बजे अल्पना तिराहा पुलिस चौकी के करीब हरे रंग के ऑटो में सवार तीन युवक आए। उन्होंने ऑटो खड़ा किया और दो युवक मेरे करीब आए। आरोपियों ने मोबाइल पर्स देने की मांग की। विरोध किया इसी बीच एक बदमाश ने ऑटो से डंडा निकाला और सिर में मार दिया। इससे सिर में चोट आई, बदमाशों ने जेब से मोबाइल निकाला और फरार हो गए। घटना के समय चौकी पर मौजूद प्रधान आरक्षक धर्मचंद्र खत्री और उनके साथी को मामले की भनक तक नहीं लगी। हालांकि घटना के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने पुलिस जवानों को सूचना दी। तब पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 100 को बुलाया, इसके बाद युवक को इलाज के लिए रवाना किया।

# सीएमएचओ ने सेवा सदन में किया यूरोलॉजी शिविर का अवलोकन

## अब तक कुल 70 रोगियों के ऑपरेशन हुए



**संतहिरदाराम नगर, देशबन्धु।** भोपाल के सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने आज सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में लगे 100वें निःषुल्क यूरोलॉजी शिविर में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उन्हें यहां मिली चिकित्सा सेवाओं और सुविधाओं के सम्बंध में पूछताछ की ।

डॉ. तिवारी ने षिविर में सेवा दे रहें यूरोलॉजिस्ट्स, रेडियोलॉजिस्ट्स, फिज़ीशियन्स, पैरामेडिकल कर्मचारियों, सेवादारों और ट्रस्टीगण से भी बातचीत की । इस अवसर पर मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ट्रस्टीगण सुरेश आवतरामानी, तुलसीदास आडवानी, राजकुमार मूलचंदानी, संत सेवक एल.सी. जनियानी और डॉक्टर्स सीएमएचओ के साथ थे । डॉ. तिवारी ने शिविर आयोजन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अस्पताल के विज़िटर्स बुक में लिखा कि यहां सेवारत डॉक्टर्स तथा पैरामेडिकल कर्मचारियों के सेवाकार्य को देखकर अपार आनन्द की अनुभूति हुई । ऐसी ही संस्थाओं के लिये गोस्वामी तुलसीदास जी लिखकर गये है कि परहित सरिस धर्म नहिं भाई । डॉ. तिवारी ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सेवाकार्यों के लिये शुभकामनाएं दी । उन्होंने वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पास जाकर उनकी कुशलक्षेम पूछी । सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में यूरोलॉजी षिविर में दूसरे दिन आज 30 मरीजों के ऑपरेशन किये गये। इन्हें मिलाकर अब तक मूत्र व्याधियों से पीड़ित कुल 70 मरीजों के ऑपरेशन किये जा चुके हैं ।

# बधाई और अखाड़ा नृत्य के साथ ही गायन ने किया मंत्र मुग्ध



**भोपाल, देशबन्धु ।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित संभावना गतिविधि में 30 मार्च को राजेश चौरसिया एवं साथी- सागर द्वारा बधाई नृत्य देवेन्द्र डेहेरिया एवं साथी सिवनी द्वारा अखाड़ा, नमन तिवारी एवं साथी नर्मदापुरम द्वारा कबीर गायन प्रस्तुति दी गई। इन प्रस्तुतियों में उपस्थित दर्शकों एवं श्रोताओ को मंत्र मुग्ध कर दिया।

गतिविधि में राजेश चौरसिया एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य प्रस्तुत किया गया। बुन्देलखण्ड अंचल में जन्म विवाह और तीज-त्यौहारों पर बधाई नृत्य किया जाता है। मनौती पूरी हो जाने पर देवी-देवताओं के द्वार पर बधाई नृत्य होता है। इस नृत्य में स्त्रियाँ और पुरुष दोनों ही उमंग से भरकर नृत्य करते हैं। बूढ़ी स्त्रियाँ कुटुम्ब में नाती-पोतों के जन्म पर अपने वंश की वृद्धि के हर्ष से भरकर घर के आंगन में बधाई नाचने लगती हैं। मंच पर जब बधाई नृत्य समूह के रूप में प्रस्तुत होता है, तो इसमें गीत भी गाये जाते हैं। बधाई के नर्तक, चेहरे के उल्लास, पद संचालन, देह की लचक और रंगारंग वेशभूषा से दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इस नृत्य में ढपला, टिमकी, रमतूला और बांसुरी आदि वाद्य प्रयुक्त होते हैं। इसके बाद देवेंद्र डहरिया एवं साथी,सिवनी द्वारा अखाड़ा की प्रस्तुति दी गई। प्रदेश के बुंदेलखंड एवं अन्य अंचलों में अखाड़ा कला पूर्व कई काल से चला आ रहा है। युद्ध के दौरान अस्त्रों-शास्त्रों का प्रयोग किया जाता था और उनसे बचने की कला भी सिखाई जाती थी। अखाड़ा शौर्य का प्रतीक है। बुंदेलखंड में अखाड़ा लोक नृत्य नवरात्रि के अवसर पर किया जाता है। इस कला में तलवार, ढाल, लाठी, भाला आदि शस्त्रों का प्रयोग किया जाता है। ढोल की थाप पर कलाकार नृत्य और शौर्य कला को दिखाते हैं। वहीं कार्यक्रम में नमन तिवारी एवं साथी, नर्मदापुरम द्वारा कबीर गायन की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने ठगिनी क्या नैया चमकावे...,मन लागो मेरो यार फकिरी में...,तेरा-मेरा मनवा कैसे एक होये रे..., मानत नाही मन मोरा साधो..., माया कहा ठगिनी मह जाने...,बीत गए दिन भजन बिना रे..., गीतों की प्रस्तुति दी।

# शोधार्थी सिर्फ अपनी खोजी दृष्टि से भी कर सकते हैं कई शोध : प्रो. भरत शरण

## दो दिवसीय शोध शिखर विज्ञान पर्व का समापन

**भोपाल,देशबन्धु।** शोध एवं अनुसंधान पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025 का रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) परिसर में समापन सत्र का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. भरत शरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष, सीएसआईआर एनआईएसपीआर डॉ. मनोज कुमार पटेरिया, एवं वैज्ञानिक-जी, एनजीपी और एसएमपी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय डॉ. नम्रता पाठक उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आरएनटीयू की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरू आरपी दुबे और सीवीआरयू खंडवा के कुलगुरू डॉ. अरूण जोशी उपस्थित रहे।




इस दौरान अपने वक्तव्य में प्रो. भरत शरण ने शोधार्थियों से भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने प्राचीन समय के कई उद्धरण देते हुए भारत की प्राचीन उपलब्धियों से अवगत कराया जिसमें 1750 के समय में भारत दुनिया का जीडीपी का 25 प्रतिशत सम्भालता था, स्थापत्य कला में उत्कृष्टता हडप्पा से लेकर हम्पी तक देखी जा सकती है। इसी प्रकार गणित शास्त्र, विद्युत शास्त्र, धातु विज्ञान और खगोल विज्ञान की कई अवधारणाओं का भी जिक्र किया। आगे उन्होंने शोधार्थियों से बात करते हुए कहा कि रिसर्च के लिए महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि शोधार्थी कि सिर्फ खोजी दृष्टि बनाए रखने की जरूरत होती है।

डॉ. मनोज कुमार पटेरिया ने अपने अपने वक्तव्य में आरएनटीयू द्वारा स्थापित किए टेक्नोलॉजी ट्रांस्फर सेंटर की सराहना की और कहा कि रिसर्च को इंडस्ट्री रेडी बनाने के लिए इन सेंटर्स का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इसके अलावा उन्होंने शोधार्थियों को कहा कि भारत के पास बहुत सारा प्राचीन ज्ञान है परंतु साइंटिफिक वेलिडेशन की कमी के कारण दुनिया उसकी ओर देख नहीं पाती है। ऐसे में इस पहलू पर कार्य किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

इससे पहले डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत आज रिसर्च में 40वें स्थान पर है और हमारा रिसर्च पर निवेश भी विकसित राष्ट्रों के मुकाबले काफी कम है। ऐसे में एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए लम्बी दूरी तक करना बाकी है जिसके लिए हमें गति की आवश्यकता है। गति के लिए जो तकनीक हमें चाहिए उसके लिए शोध शिखर जैसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। वहीं, डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने अपने वक्तव्य में दो दिन तक चले शोध शिखर विज्ञान पर्व की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इसमें 7 समानांतर सत्रों में 1500 से अधिक प्रतिभागी, 100 से अधिक वक्ताओं, 176 संस्थाओं, 75 से अधिक प्रोजेक्ट्स, 300 से अधिक शोध पत्रों की प्रतिभागिता रही। इसके अलावा 25 से अधिक शोध एवं उत्पादों के कॉमर्शियालाइजेशन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम मे इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी; मेडिकल साइंस, साइंस एंड एग्रीकल्चर; एजुकेशन एंड लॉ; मैनेजमेंट कॉमर्स एंड ह्यूमेनिटीज कैटेगरी में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा साइंस कम्यूनिकेशन में प्रथम एवं द्वितीय विनर्स को भी सम्मानित किया गया।

## नवागत विषयों पर विज्ञान लेखकों ने की चर्चा

कथा सभागार में हिन्दी में विज्ञान संचार के नये विषयों का चयन~ प्रस्तावना और विचार भाग 1 का आयोजन किया गया। इस सत्र में प्रमुख वक्ताओं ने अपने वक्तव्य दिये। सभी अतिथियों का स्वागत मोमेंटो और उत्तरी प्रदान कर किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता आरएनटीयू के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे द्वारा की गई। उन्होंने सत्र का संचालन करते हुए अपना महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके बाद वक्ताओं में वैज्ञानिक कृष्णानंद पांडेय ने स्वास्थ्य और संचार की आवश्यकता, भारत में प्रमुख रोगों की स्थिति, पोषण जैसे विषयों को रेखांकित करने और उन पर पुस्तक लेखन की आवश्यकता पर जोर दिया। गोरखपुर विवि से पधारे डॉ. शरद मिश्रा ने कहा कि आज के दौर में विज्ञान और अध्यात्म, धर्मग्रंथों में विज्ञान, एंटीबायोटिक्स जैसे विषयों पर पुस्तक की जरूरत को बताया।

## विज्ञान पत्रकारिता के परिप्रेक्ष्य में इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिए: डॉ. विनीता ने साझा किए विचार

विज्ञान पत्रकारिता के परिप्रेक्ष्य में इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिए विषय पर विचार-विमर्श हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विनीता चौबे, विज्ञान कथाकार मनीष मोहन गोरे, डॉ. कुलवंत सिंह, समीर गांगुली, और डॉ. मनीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विनीता चौबे ने अपने उद्बोधन में बताया कि विज्ञान प्रसार के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिए पत्रिका का प्रकाशन किया गया था। उन्होंने पुरो समय का जिक्र करते हुए बताया कि जब पोस्टकार्ड और अंतरदेशीय पत्रों का दौर था, तब बस्तर और झाबुआ जैसे स्थानों से लोग 12-15 पृष्ठों के लेख भेजते थे। यह पत्रिका की लोकप्रियता का प्रतीक था। आज, इस पत्रिका की 35 हजार से अधिक प्रतियां हर माह प्रकाशित हो रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति संतोष चौबे ने भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान की समृद्ध और आलोकित परंपरा की बात की।

देशबन्धु

भोपाल, सोमवार 31 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मोदी की नागपुर यात्रा संतुलन की कवायद

अपने प्रधानमंत्रित्व काल के तकरीबन 11 वर्षों के दौरान भारतीय जनता पार्टी को नरेन्द्र मोदी ने इतना मजबूत बना दिया है कि उसके अध्यक्ष जेपी नड्डा को यह कहने में न तो संकोच हुआ और न ही डर लगा कि 'अब भाजपा इतनी शक्तिशाली हो चुकी है कि उसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ज़रूरत नहीं रह गयी है'। देश ने अब तक भाजपा के दो ही प्रधानमंत्री देखे हैं- मोदी के अलावा अटल बिहारी वाजपेयी। तीन बार पीएम का पद सम्हालने वाले वाजपेयी का कार्यकाल हालांकि एक ही बार पूर्णकालिक रहा था (पहले दो बार क्रमश: 13 दिन व 13 माह का)। अटल बिहारी वाजपेयी 2007 में गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लेने के दौरान संघ मुख्यालय गए थे, लेकिन तब वह प्रधानमंत्री के पद पर नहीं थे। बतौर प्रधानमंत्री मोदी ने भी 2014 से अब तक यहां आने की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। 11 सालों बाद 2025 में अब कहीं जाकर मोदी ने रविवार को यहां का दौरा किया। वे भवन में स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर भी गये जहां संघ के संस्थापक हेडगेवार तथा दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक हैं। इससे पहले मोदी 2013 में यहां आये थे, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संघ के पदाधिकारी तथा प्रवक्ता इसे 'गैर राजनीतिक यात्रा' बता रहे हैं, लेकिन संघ से वाकई बड़े हो चुके मोदी के यहां आने का मकसद, वह भी इतनी देर से, ढूंढ़ा जा रहा है।

पहली बात यह कही जाती है कि नड्डा के उपरोक्त उल्लेखित बयान के कारण भाजपा तथा संघ के बीच रिश्तों में आई दरार को पाटने मोदी यहां आये थे। इतना ही नहीं, यह भी कयास लगाया जा रहा है कि अगले साल बिहार में होने जा रहे चुनाव पर भी चर्चा हुई होगी। कोई कह सकता है कि इस दौरान जब मोदी ने लोकसभा के तीन और न जाने कितने राज्यों के विधानसभा चुनाव जीत लिये तो अब बिहार का चुनाव जीतने हेतु उन्हें संघ प्रमुख से चर्चा करने के लिये क्योंकर आने की आवश्यकता महसूस हुई होगी। बिहार के बारे में पिछले कुछ समय से भाजपा तथा संघ गम्भीर हैं। वह इस मायने में कि प्रदेश की भाजपा इकाई ने यह कहकर बिहार जीतने की मंशा जाहिर की है कि, 'पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब यहां भाजपा का मुख्यमंत्री बने।' हाल ही में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बिहार का पांच दिवसीय दौरा किया था। इन सारी बातों को जोड़कर भी देखा जा रहा है। वैसे नड्डा की बात में दम तो है कि संघ के बिना भाजपा को चुनाव जीतना आता है। वे दिन गये कि संघ के असंख्य कार्यकर्ता वर्तमान भाजपा और पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के प्रत्याशियों के लिये चुनावी श्रम करते थे। अब भाजपा कायकर्ताओं के बल पर नहीं वरन केन्द्रीय जांच एजेंसियों- सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर आदि के जरिये विपक्ष को खत्म कर, ऑपरेशन लोटस, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, ईवीएम, इलेक्टोरल बॉन्ड्स से इकट्ठी धन राशि, समर्थक मीडिया, आईटी सेल आदि के बल पर चुनाव जीतती है।

वैसे तो जब सक्रिय राजनीति में शामिल या सत्ता में बैठे लोग आरएसएस से दूरी बनाकर रखते हैं, तो यह संघ के उस विमर्श को बढ़ाने में मददगार साबित होता है जिसमें कहा जाता है कि 'संघ एक सांस्कृतिक संगठन है' तथा 'उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।' हालांकि संघ व भाजपा के अंतर्संबंधों का पर्याप्त खुलासा हो चुका है तथा अब इस बात को बाहरी ही नहीं, खुद दोनों संगठनों के लोग नहीं मानेंगे।

बहरहाल, संघ कार्यालय में उन्होंने अपने 34 मिनट के भाषण में संघ की स्वाभाविकत: भरपूर तारीफ की। उसे 'वटवृक्ष' बताया तथा कहा कि 'संघ उनके जैसे लाखों लोगों को देश के लिये जीने की प्रेरणा है।' फरवरी में मुम्बई में हुए भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए तथा हाल ही में प्रसिद्ध अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ हुई चर्चा में भी मोदी ने संघ की प्रशंसा की थी तथा अपने जीवन पर संगठन के पड़े प्रभाव को बतलाया था। अपने भाषण में मोदी ने देश में हुई विभिन्न त्रासदियों में संघ कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ितों को मदद पहुंचाने का ज़िक्र भी किया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कोरोना काल में जब लाखों देशवासी ऑक्सीजन, दवाओं तथा बिस्तरों के अभाव में मर रहे थे, उस दौरान अथवा इसी साल जनवरी-फरवरी में प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुम्भ के दौरान हुई भगदड़ों से प्रभावित लोगों की संघ ने क्या सेवा की। हालांकि अब यह सर्वज्ञात है कि संघ की भूमिका व योगदान सिफर ही था। हां, इस दौरान वे हिन्दू-मुस्लिम खाई चौड़ी करने में पहले की तरह ही सक्रिय थे।

अपनी नागपुर यात्रा के दौरान पीएम ने दीक्षाभूमि के दर्शन भी किये। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर ने 1956 में अपने लाखों अनुयायियों को बौद्ध धर्म में प्रविष्ट कराया था। वह एक ऐतिहासिक घटना तो है लेकिन मोदी का वहां जाना मार्के की बात है, क्योंकि संघ का अंबेडकर, उनके संविधान, खासकर आरक्षण के कारण प्रबल बैर रहा है- वह भी आरम्भ से ही। हालिया दौर में संविधान का मुद्दा भारतीय राजनीति के केन्द्र में आ गया है। 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटें चाहती थी ताकि संविधान बदला जाये। जब इसी मुद्दे ने भाजपा को अल्पमत में ला दिया व दूसरे दलों की मदद से उसे सरकार बनानी पड़ी, तो मोदी व भाजपा को खुद को संविधान का रक्षक साबित करना ज़रूरी हो गया है। इसी विमर्श ने मोदी को दीक्षाभूमि में ला खड़ा किया। सिर्फ संघ कार्यालय या केवल दीक्षाभूमि जाते तो दोनों ही स्थितियों में उन्हें अड़चन होती। उनकी नागपुर यात्रा संतुलन बनाने की कवायद है।

# गुझिया भी सिवंइयां भी : देश की तरक्की की दुआएं भी!

अभी तीन दिन पहले अलविदा का जुमा-था, रमजान का आखिरी जुमा उस दिन भी लिखा था कि टीवी वालों को मस्जिदों से लाइव टेलिकास्ट करके पूरे देश को बताना चाहिए कि मुस्लिम क्या करते हैं? क्या दुआएं मांगते हैं?

क्या देश की तरक्की, सबकी खुशियां, हिन्दू-मुसलमान हर धर्म के लोगों की भलाई की प्रार्थनाएं हर मस्जिद से नहीं होती हैं?

नहीं बताया। गोदी मीडिया को यह आदेश नहीं है। वह गुलामी के सबसे खराब दिनों से गुजर रहा है। प्यार, मोहब्बत, भाईचारे को आंखों से देखकर भी वह उसके बारे में बता नहीं सकता। एक बड़े टीवी चेनल के मालिक उसके प्रमुख एंकर हैं तो पत्रकार भी कहते हैं खुद को वे दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम की इफ्तार की दावत में गए। बहुत खुश होकर शाही इमाम की तारीफ की। मुसलमानों ने उनका कैसा स्वागत किया यह बताया। मगर अपने टीवी पर प्रेम, भाइचारे की कितनी खबरें चलाईं, कितनी डिबेट कीं पता नहीं।

टीवी देखने की अब हिम्मत नहीं है, अख़बार ही नहीं पढ़े जाते! गोदी मीडिया ने घृणा कहीं और फैलाने की कोशिश की थी मगर वह सबसे ज्यादा खुद उसके खिलाफ फैल गई। जैसे घृणित चीज से आदमी दूर रहता है वैसे ही इनके टीवी और अखबारों से रहने लगा। मगर मुसलमान का प्यार सम्मान वैसा ही रहा। रोजा इफ्तार में आपने देखा ही कि बुलाया और पूरा सम्मान दिया।

कोई भी धर्म जाति ऐसे नहीं बदल जाती। कोई क्या कह रहा है, क्या कर रहा है उससे आप खुद को नीचे नहीं गिरा लेते। देश में न हिन्दू नफरती हुआ है और न मुसलमान।

संभल के उस पुलिस के सीओ के मालूम नहीं कि गुझिया मुसलमान कितनी खाता है और कितनी खिलाता है। हमारे यहां जितनी सिवंइयां खिलाई जाती हैं। उससे ज्यादा गुझिया। हम तो बहुत जगह रहे हैं अपने गृह राज्य मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान जयपुर, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, एनसीआर। बहुत सारे दोस्त हैं। सबको मालूम है कि होली, दीवाली, दशहरा और दशहरा तो हमारे गृह नगर दतिया मध्य प्रदेश में हमारे दादा साहब (और उनसे पहले इनके वालिद, पूर्वजों) की तलवार के वार के बिना मनता नहीं था। दूर-दूर से लोग रियासत दतिया का दशहरा देखने आते थे। शहर के सबसे बड़े मैदान सुरय्यन में दतिया महाराज गोविन्द सिंह जू देव कई दिनों से पाले एक शक्तिशाली भैंसे पर भाले से प्रहार करते थे। और इसके साथ ही उसकी रस्सी काट दी जाती थी। क्रोधित भैंसा तेजी से भागता था। विशाल मैदान जो अब खेल स्टेडियम बना दिया गया है, के चारों तरफ भीड़ होती थी।

भैंसे के खुलते ही घुड़सवार सरदार उसके पीछे भागते थे। महाराज का हुक्म होता था कि रियाया तक नहीं पहुंच पाए। जनता को चोट नहीं पहुंचे। उधर जनता उन्माद में जोर-जोर से चिल्लाती थी। घबराया भैंसा कभी उनकी तरफ कभी पीछा करते घुड़सवारों की तरफ कभी जहां महाराज हाथी पर बैठे होते थे उस तरफ कहीं भी दौड़ पड़ता था। और ऐसे में दतिया और बुंदेलखंड में कहावत है कि पहला हाथ मोहम्मद हादी खां साहब (हमारे दादा साहब) का पड़ता था। मतलब भैंसे के गर्दन पर पहला तलवार का वार।

तो लिखा इसलिए कि अब ईद पर भी जो सवाल उठाए जा रहे हैं तो देश में ईद ही नहीं मुसलमान सदियों से हर त्यौहार दशहरा, दीवाली, होली सब मिलजुल कर मनाता है।

और बताते हैं कुछ। दीवाली का जिक्र किया। तो शायद पहले लिख भी चुके हैं। कोई बात नहीं। अच्छी बातें प्रेम भाईचारे मेल-मिलाप की जितनी बार बताई जाए कम है। तो दीवाली हमारे यहां कैसे मनाई जाती थी। उसकी निशानी तो आज भी हमारे पास है। 1962 की बात है। सबसे छोटी बहन हुई थी। सब उसमें लगे थे। मगर दीवाली भी मन रही थी। हम सबसे बड़े लड़के तो सारे पटाखों पर कब्जा करे थे। आठ साल के थे। पापा उधर मां-बहन में व्यस्त थे। और हमने उनके सिगरेट का डिब्बा खाली किया। टिन का होता था। उसके नीचे रखा बड़ा सुतली बम और चला दिया।

टिन का डिब्बा सीधा आकर हमारे मुंह पर। खून ही खून। सब भागते हुए आए। एक ही बात कि आंख में तो नहीं लगा। हमें तो कुछ पता नहीं। आंखें तो बंद थीं। मगर कहा- नहीं लगा। आवाज आई आप तो चुप रहिए। आपका हिसाब तो बाद में किया जाएगा। पहले यह बताओ कि यह सिगरेट का डिब्बा आया कहां से? सिगरेट कौन पीता है? यह दादा साहब थे। सब चुप। खैर आंख बची। नाक पर कई टांके लगे। अभी भी निशान हैं। तो ऐसे मनता था दशहरा ऐसे मनती थी दीवाली। ईद पर तो हम नहीं बताएंगे। क्योंकि ईद पर ही इन सबकी नफरत फैलाने वालों की निगाहें लगी हुई हैं। वह दोस्तों में से कोई भी बता सकता है।

तो बात गुझिया से शुरू हुई थी। तो वह भी बता दें। जम्मू में थे। बेटा हुआ था। तत्काल बाद ही होली थी। अब होली में गुझिया की खोज शुरू हुई। बेटा होने के कारण घर में बनाने की स्थिति थी नहीं। पूरे जम्मू में कहीं भी गुझिया नहीं मिली। बनाई ही नहीं जाती थी। वहां प्रचलन में ही नहीं थी। अब आ गई हो तो पता नहीं। वहां का सबसे बड़ा त्यौहार लोहड़ी हुआ करता था। राखी को रक्खड़ी बोलते हैं। वह भी बड़ा त्यौहार था। होली जब हम वहां मनाते थे लोग कहते थे आपके यहां ज्यादा मनती है। वह आपके यहां भौगोलिक पहचान की बात थी। धर्म की उस समय ऐसी बातें नहीं होती थीं। और सांस्कृतिक विभिन्नता, खान-पान का फर्क कैसा था यह हमने बता ही दिया कि होली बिना गुझिया के।

और बताते हैं। भाजपा के लोग कह रहे हैं कि ईद पर नानवेज क्यों? अब तो पूरे भारत की पार्टी हो गई है! तो पूरे भारत के बारे में मालूम होना चाहिए! कश्मीर की शिवरात्रि के बारे में भी। कश्मीरी पंडितों का सबसे बड़ा त्यौहार। बड़ा दिन कहते हैं इसको। और इस दिन नान वेज बनता है। खाते हैं खिलाते हैं।

कहां ले जा रहे हैं यह देश को। ईद पर नानवेज मना किया है। कई मुस्लिम नेताओं ने कहा नहीं खाना चाहिए। नहीं खाएंगे। आम मुसलमानों में से भी बहुत लोगों की अपीलें देखीं। बहुत लोग नहीं खाएंगे। शायद पहली बार होगा।


मगर एक बात और बता दें कि इस बार पहली बार यह भी हुआ है कि होली पर नान वेज खाया गया। हमारे यहां तो पहली बार। जैसा बताया कि होली पर सब वैज वही बनता था जो हमारे हिन्दू दोस्तों के यहां बनता रहा। मगर यहां बिहार के बहुत लोग दोस्त बने। होली के दिन तो मटन खाना ही है वाले। हमारे घर में कोई सुन ले तो अभी भी डांट पड़ जाएगी कि होली के दिन मटन का क्या मेल!

हां, ईद पर वेज हमारे यहां नार्मल है। बहुत सारे दोस्त ऐसे थे जो नान वेज नहीं खाते। उनके लिए वेज के कई आइटम बनते थे और मजेदार बात यह भी बता दें कि भाजपा आरएसएस के भी बहुत दोस्त खाने पर आते थे। मगर जरूरी नहीं कि वे सब वेज हों। वेज नानवेज कभी इशु नहीं रहा। मगर अब तो यह कहां-कहां तक विभाजन पहुंचा देंगे कहना मुश्किल है।

मगर हम तो और हम क्या? देश के अधिकांश हिन्दू-मुसलमान सब यहीं कहेंगे-

चाहे जितनी कोशिश कर लो यह देश सब त्यौहार मिलजुल कर मनाता है। और मनाता रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)



शकील अख्तर

**टीवी देखने की अब हिम्मत नहीं है, अख़बार ही नहीं पढ़े जाते! गोदी मीडिया ने घृणा कहीं और फैलाने की कोशिश की थी मगर वह सबसे ज्यादा खुद उसके खिलाफ फैल गई। जैसे घृणित चीज से आदमी दूर रहता है वैसे ही इनके टीवी और अखबारों से रहने लगा। मगर मुसलमान का प्यार सम्मान वैसा ही रहा। रोजा इफ्तार में आपने देखा ही कि बुलाया और पूरा सम्मान दिया।**

# क्या तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक एक बार फिर भाजपा के साथ गठबंधन करेगी?

■ सुशील कुट्टी

विटकलबाजी' शब्द का प्रयोग आम बात है। अगर आपको नहीं पता कि क्या हो रहा है, तो 'अटकलबाजी' काम आता है। पत्रकारों के लिए 'अटकलबाजी' पर वापस आना स्वाभाविक है, ताकि कोई मुद्दा न उठाया जाये। अभी अटकलें लगाई जा रही हैं कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच क्या बातचीत चल रही है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिर भी भाजपा-अन्नाद्रमुक हलकों में क्या पक रहा है, इस बारे में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की दिलचस्पी ने तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों को जकड़ लिया है। भाजपा और अन्नाद्रमुकनेताओं के बीच हुई बैठकों ने इस मामले को और भी उलझा दिया है। सबसे हालिया मुलाकात अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच देश की राजधानी दिल्ली में हुई।

इससे 'संभावित गठबंधन' की 'अटकलें' लगने लगीं और स्टालिन अपनी वास्तविक और काल्पनिक चिंताओं को कम करने के लिए इसकी पुष्टि चाहते थे। 2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और यह मोड़ 2025 के कुछ मोड़ों से ज्यादा दूर नहीं है: तमिलनाडु में चुनाव होंगे और द्रमुक सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही है!

इसके अलावा, भाजपा यह अनुमान लगा रही है कि तमिलनाडु की जनता के बीच उसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। खासकर, भाजपा के तमिलनाडु में भविष्य के दारोमदार के अन्नामलाई के लिए, जो भाजपा के लिए एंटीना हैं और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के लिए अभिशाप। जब भी एम के स्टालिन अपनी सरकार की उपलब्धियों पर आराम करते हैं, अन्नामलाई गुब्बारे में हवा भर देते हैं।

इतना ही नहीं, स्टालिन के उत्तराधिकारी उदयनिधि स्टालिन पिछले कुछ महीनों से असामान्य रूप से शांत हैं। युवा स्टालिन, अन्यथा, भूमध्य रेखा के इस तरफ सबसे ज्यादा बात करने वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने बहुत सारी बातें कीं। मुख्यमंत्री स्टालिन भी इस अटकलबाज़ी से चुप थे कि उनमें एक महान प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है!

कोई बात नहीं, यह एक सपना भी था और अटकलबाज़ी भी थी। इसके बारे में भी सोचें – अटकलबाज़ी थी कि स्टालिन, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे या राहुल गांधी नहीं तो पिनाराई विजयन एक अच्छे प्रधानमंत्री बन सकते हैं!

इन सबके बीच, भाजपा और अन्नाद्रमुक एक बार फिर 'संभावित गठबंधन' के लिए बातचीत कर रहे थे। ऐसी बातें हमेशा राजनीतिक बवंडर में उड़ जाती थीं और भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों हमेशा अपनी-अपनी मीठी राह पर चलते थे, हाथ जेब में डाले हुए।

किसी को इस बात को स्पष्ट करना चाहिए। पत्रकारों पर इसे छोड़ना अब तक कारगर नहीं रहा है। पलानी स्वामी से संपर्क किया गया और उन्होंने कहा: 'हमारी विचारधारा अपरिवर्तित है। गठबंधन परिस्थितियों और अवसरों के अनुसार बदलेंगे। क्या सभी सहयोगी हमेशा के लिए द्रमुक के साथ रहेंगे? अगला चुनाव अगले मार्च में ही है, और हमारे पास इन मामलों पर निर्णय लेने के लिए एक साल है।'

अगर ईपीएस अन्नाद्रमुक के इतने बड़े पदाधिकारी नहीं होते, तो उन्हें 'स्रोतों' की सूची से हटा दिया जाता। लेकिन फिर, अटकलें लगाने के लिए क्या बचा रह जाता? 'कुछ पर्यवेक्षकों' का मानना है कि 'अन्नाद्रमुक में कई लोग' वैचारिक मतभेदों के कारण अनुमान लगाने से हिचकिचाते हैं।

इसके बावजूद, तमिलनाडु की राजनीति में दोनों दलों के अस्तित्व के लिए भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन महत्वपूर्ण है इसलिए भी क्योंकि द्रमुक 'हिंदी थोपने' से लेकर 'द्रविड़ खतरे में है' तक, अत्यधिक भावनात्मक मुद्दों के समुद्र में पनपती है।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि की तरह अभिनेता नहीं हैं और न ही अपने पिता एम करुणानिधि की तरह गीतकार-पटकथा लेखक हैं, लेकिन वे अटकलों के उस्ताद हैं। अटकलों को हवा देने वाली बात यह है कि पलानी स्वामी-अमित शाह की मुलाकात, खास तौर पर इसकी 'टाइमिंग', द्रमुक को मुश्किल में डाल रही है क्योंकि वह परिसीमन और हिंदी थोपने के मुद्दे पर केंद्र के साथ मतभेद में है, जो दोनों ही 'वास्तविक' हैं और 'मात्र अटकलें' नहीं हैं।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने घोषणा की है कि वह तमिलनाडु के 39 सांसदों का नेतृत्व करेंगे और 'निष्पक्ष परिसीमन' के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे। यह चर्चा के बीच है कि स्टालिन अभी भी 'दक्षिण के राजनेताओं' के बीच 'दक्षिण में भाजपा विरोधी विपक्ष के चेहरे' के रूप में शीर्ष स्थान पर हैं।

ईपीएस और भाजपा दोनों ही एम के स्टालिन की स्थिति से वाकिफ हैं और अटकलें लगाई जा रही हैं कि पलानी स्वामी और शाह दोनों के पास भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों को परेशान करने वाली राजनीतिक विसंगतियों के सामने एक समझौते पर पहुंचने और आत्मसमर्पण करने के लिए बहुत कम समय है। ईपीएस और अमित शाह के बीच बैठक इस बात का संकेत थी कि दोनों पार्टियों, भाजपा और अन्नाद्रमुक को मिलकर काम करना होगा और 2026 के चुनावों के लिए बहुत कम समय बचा है। क्या यह बात के अन्नामलाई को समझ में आ गयी है, जो 2023 से ही अन्नाद्रमुक पर लगातार हमला कर रहे थे?

इसलिए, भाजपा और अन्नाद्रमुक का 'शीर्ष नेतृत्व' आमने-सामने है। संदेश यह है कि मतभेदों को दूर किया जाना चाहिए और व्यवस्था कायम रहनी चाहिए। यही कारण है कि द्रमुक नेतृत्व को यह अनुमान लगाने पर मजबूर होना पड़ा है कि 'भाजपा-अन्नाद्रमुक हलकों में क्या चल रहा है?' मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को अन्नाद्रमुक या भारतीय जनता पार्टी में किसी भेदिए की जरूरत है! यह तब है, जब चर्चा इस बात पर भी जोर दे रही है कि 'उच्चस्तरीय संचालन समिति' का गठन किया जायेगा और अन्नामलाई को संयम बरतने की चेतावनी दी गयी है। दूसरी तरफ, ईपीएस ने भाजपा से कहा है कि वह अन्नाद्रमुक के बागी टीटीवी दिनाकरन और ओ पन्नीर सेल्वम को बाहर रखे।

भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच गठबंधन का एक लंबा और कभी-कभी मुश्किल भरा इतिहास रहा है, जो उस समय से शुरू हुआ जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और जे जयललिता अन्नाद्रमुक सुप्रीमो थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से चीजें नहीं बदलीं।

लेकिन जब 'अम्मा' ने दुनिया को अलविदा कहा, तो दोनों दलों ने एक बार फिर गठबंधन किया और यहां तक कि वे 2019 के लोकसभा चुनाव भी एक साथ लड़े। लेकिन 2019 और 2021 के विधानसभा चुनावों में डीएमके की शानदार जीत ने उनके लिए आखिरी तिनका साबित किया। सितंबर 2023 में दोनों पार्टियों ने प्रधानमंत्री मोदी के चहेते, डार्क-हॉर्स के अन्नामलाई की मदद से अलग होने का फैसला किया।

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु में अपने वोट शेयर में बढ़ोतरी देखी। अटकलें जारी हैं कि अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने से इसके वोट-शेयर और चुनावी प्रदर्शन में भी सुधार होगा। लेकिन अटकलें मुफ्त में आती हैं और इसमें कोई शर्त नहीं होती। वास्तविकता यह है कि 'वैचारिक मतभेद' हैं और अन्नाद्रमुक को एम के स्टालिन और उदयनिधि स्टालिन से कम 'द्रविड़' नहीं माना जा सकता। बनिया-ब्राह्मण भारतीय जनता पार्टी द्रविड़ लूप से पूरी तरह बाहर है।

**मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि की तरह अभिनेता नहीं हैं और न ही अपने पिता एम करुणानिधि की तरह गीतकार-पटकथा लेखक हैं, लेकिन वे अटकलों के उस्ताद हैं। अटकलों को हवा देने वाली बात यह है कि पलानी स्वामी-अमित शाह की मुलाकात, खास तौर पर इसकी 'टाइमिंग', द्रमुक को मुश्किल में डाल रही है क्योंकि वह परिसीमन और हिंदी थोपने के मुद्दे पर केंद्र के साथ मतभेद में है, जो दोनों ही 'वास्तविक' हैं।**

## आपके पत्र

### भूकम्प से दुनिया को गंभीर संकेत, म्यांमार, थाईलैंड में दुःखद हाहाकार

म्यांमार, थाईलैंड में भूकंप, प्रकृति से खिलवाड़ का क्रूरतम प्रतिफल ही है। हजारों की इहलीला खत्म हुई है, संपत्ति का नुकसान अलग हुआ है। लोगबाग बेखर हो चुकें हैं चारों तरफ तबाही का मंजर है। जिस तरह इन देशों में प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है और बेतरतीब वनों की कटाई, पानी का दुरूपयोग और बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं के निर्माण ने प्रकृति को ललकारा है नतीजे के तौर 4.1 रिक्टर का भूकंप भारी जानमाल की तबाही लेकर आया है। भूकंप के झटके भारत, चीन, इंडोनेशिया, बर्मा आदि में भी महसूस हुए हैं। हमें अब सावधान हो जाना चाहिए, प्रकृति से बेजा खिलवाड़ बंद करना होगा वर्ना भयावह नतीजे सामने हैं ही। हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई। आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई-नई तकनीक ट्रैक्टर, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनीयों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कलकल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे-मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा-भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी न मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने, महानगर ब ने, मकान बने किन्तु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत। हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन, पानी, हरियाली, पक्षी, जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कान्क्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा, सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

-संजीव ठाकुर



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृतांत: शिलांग : इन पुरखों को प्रणाम

*'वाकया कोई दो सौ साल पुराना है। सन् 1830-40 के आसपास का। मेघालय की राजधानी शिलांग से लगभग अस्सी किलोमीटर दूर रिवाई गांव के निकट एक पहाड़ी नदी पर बने पुल की ओर हम चलते हैं। यह एक अद्भुत पुल है। यह न सीमेंट से बना है और न पत्थर से, और न ही लकड़ी के तख्तों से। सीमेंट का आविष्कार तो सौ साल बाद 1938 में हुआ। यह खासी जनजाति का इलाका है। नदी के उस पार गांव के लोगों को बरसात के मौसम में चारों तरफ से संपर्क कट जाने के कारण अनेक तकलीफों का सामना करना पड़ता था। तब इस गांव के बुद्धिमानों ने एक उपाय खोजा। उन्होंने दोनों किनारों पर रबर के बहुत से पेड़ लगाए। प्रसंगवश कह दूं कि रबर पीपल की प्रजाति का ही एक वृक्ष है। ये पेड़ थोड़े बड़े हुए और इनकी जड़ें हवा में झूलने लगीं तो जड़ों को आपस में बांधकर पुल बना लिया गया। सुनने में बात बहुत सरल लगती है, लेकिन पेड़ों को लगाना, जड़ों का बढ़ना, उनको आपस में जोड़ना और ऐसी मजबूती देना कि आने-जाने में कोई भय न हो, क्या कोई आसान काम रहा होगा?'*

**(देशबन्धु में 30 मार्च 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/03/blog-post_29.html

## गुरुवाणी विचार

### गउड़ी महला 9

साधो इह मन गहियो न जाई-
चंचल तिरिसना संग बसत है या ते थिर न रहाई।

इन पंक्तियों में नौवें नानक गुरुतेग बहादुरजी मानव मन को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि इंसान के मन को समझना बहुत कठिन है क्योंकि इंसान के मन के साथ आशा, तृष्णा, नामक दो चंडालनें चिपकी रहती है जो उसे कभी सीधा चलने नहीं देती। मन कवि की कल्पना से भी तेज चलता है इसलिए उसकी पहुंच हर जगह हो जाती है। इसी कारण यह माया के जाल में फंसा रहता है और कभी भी सीधे रास्ते पर नहीं चल पाता। हर वक्त विषय विकारों में गलतान रहता है। माया रचियता अज्ञान के अंधेरे में पागल हाथी समान संसार में भटकता रहता है। जिस तरह हाथी को वश में लाने के लिए एक महावत अंकुश का इस्तेमाल करके काबू में रखता है। हमें भी सिमरन बंदगी रूपी मथनी से मथ कर प्रभु भक्ति में मन लगाना पड़ेगा। इसके लिए हमें ऐसी संगत में हर वक्त जाते रहना पड़ेगा जहां प्रभु कीर्तन होता हो। जहां प्रभु कथा होती हो तथा ऐसी पुस्तकें पढ़नी पड़ेंगी जिससे हम प्रभु के सिमरन बंदगी में अपने मन को जोड़ सकें। हालांकि यह बहुत ही कठिन काम है क्योंकि मन हर वक्त विषय विकारों की तरफ दौड़ता रहता है परन्तु हमें इसे जबरन प्रेरित कर साध संगत में ले जाना पड़ेगा। बार बार प्रभु कथा कीर्तन उसे सुनाते रहना पड़ेगा। ताकि एक आध अक्षर ही सही उसके हृदय में बस जाए। क्योंकि कहा गया है कि- कनका एक जिस जीऊ बसावै। ताकि महिमा गानी न पड़े। जिस तरह सागर की मौजों से टकराते टकराते अथवा नदी की लहरों से ठोकर खाते खाते एक टेढ़ा मेढ़ा पतथर भी मिलकर पूज्यनीय मूर्ति सालिग राम या शिवलिंग बन जाता है। ठीक उसी तरह बार -बार सतसंग करते करते मन कभी न कभी तो चेत जाएगा और प्रभु संकीर्तन में जुड़ जाएगा। क्योंकि आपदाओं तथा विघ्नों से जूझने वाला मनुष्य ही ज्ञानवान तथा चेतन सालिगराम बन जाता है।

भक्त कबीर दास जी के मुताबिक यह मन बन का एक उड़न पखेरू है जो हर बात अपने उदर पोषण हेतु भटकता रहता है। कहे कबीर सुनो रे संतों ऐह मन उड़न पखेरू बन का।

अचेत मन हर वक्त दूसरों का बुरा ही मांगता रहेगा। साध संगत में भी कोई पूरा सुचेत रहता है कोई आधा सुचेत हो पाता है। कोई दस प्रतिशत। कथा सुनाने वाले भी अपनी रोजी रोटी की खातिर ही औरों को धार्मिक गीत सुनाते रहते हैं। कोई विरला ही प्रभु को मन में बसा पाता है। गरीब मुल्ला भी वैसे तो जाग जाग कर मस्जिद में पांचों वक्त नमाज अदा करता है पर उसका यह काम सिर्फ अपनी रोजी रोजगार का साधन ही होता है। इसलिए हमें भी परमात्मा के सिमरन बंदगी में मन रमाना चाहिए। हक की कमाई कर सरबद के भले की राह पर चल सके। तभी हमारा लोक और परलोक दोनों सुखी हो सकते हैं-

ऐह लोक सुखिये परलोक सुहेले
नानक हरि प्रभु आपै मेले।

इसलिए अपने मन को हर वक्त हमें समझाते रहना है। सिमरन भजन रूपी अंकुश मारते रहना पड़ेगा। इसलिए गुरुवाणी हिदायत देती है। इस मन को कोई खोजो भाई मन खोजत ना नवनिध पाई। हमने अगर मन को प्रभु के चरणों की तरफ मोड़ लिया तो समझ लो हमने नवनिधियां और अठारह सिद्धियों की प्राप्ति कर ली। मन जीते जग जीते। क्योंकि वह फिर अपने अंदर ही विराजमान प्रभु परमात्मा के दर्शन कर पाएगा इसलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है।

मन मेरया अंतर तेरे निधान है बाहर वसत न भाल।

-इंदर सिंह आहुजा

## सार-समाचार

### चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम में लिया संकल्प



**रायसेन, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि से भोपाल के विभिन्न क्षेत्रो मे कायस्थ परिवारो को मांसाहार और नशीले पदार्थो को त्यागने को लेकर संकल्प पत्र भरवाए जा रहे है।कायस्थ बंधु समिति की ओर शाकाहार भोजन के लिए लोगो को प्रेरित भी किया जा रहा है। रविवार को भेल क्षेत्र मिनाल रेजीडेसी में प्रीति विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव के घर पर आयोजित चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों ने आगे आकर मांसाहार,नशा मुक्त महाअभियान का समर्थन के साथ समाज में योगदान देने को कहा है। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने परिवार के सभी सदस्यों को पीले गमछे पहनाकर सम्मान मे श्री चित्रगुप्त भगवान की तस्वीर भेट कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इस शुभ अवसर पर परिवार के सभी सदस्यों ने सदा शाकाहार भोजन करने का संकल्प भी लिया है। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर परिवार के वरिष्ठ सदस्यो ने अण्डे माँस का सेवन न करने के साथ साथ भविष्य मे अपने बेटा बेटियो का विवाह मांसाहार,नशा मुक्त परिवार से करने का संकल्प भी लिया है।

### अतिक्रमण व जलकुंभी से दम तोड़ रही बेगम नदी



**सिलवानी, देशबन्धु।** अतिक्रमण व जलकुंभी से अपने अस्तीत्व के लिए जूझ रही बेगम नदी को अब जल गंगा संवर्धन अभियान से काफी आस है। नगर एवं क्षेत्र की कुछ नदिया और जल स्त्रोत अतिक्रमण का शिकार हैं। उनको मिट्टी कूड़ा-कचरा आदि डालकर भरा जा रहा है। नदियों में पानी आने के प्राकृतिक रास्ते अवरुद्ध कर दिए गए हैं, जिससे उनमें बारिश का पानी संग्रहित नहीं हो पा रहा है। नदियों में प्राकृतिक तरीके से पानी के आने के रास्ते बंद होने व उसमें कचरा डाले जाने और नियमित सफाई व्यवस्था नहीं होने से नदियां अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही हैं। आसपास अतिक्रमण के कारण नदियों का रकबा भी सिमटता जा रहा है। पिछले साल भी अभियान चला लेकिन इन नदियों की किस्मत नहीं बदली। हालांकि अब इस मामले में नगर परिषद सीएमओ ऋषिकांत यादव का कहना है कि नगर से निकले वाली बेगम नदी को तहसील द्वारा सीमांकन कराकर अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा एवं जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी की सफाई का काम भी किया जाएगा।

### कल होगा कन्या पूजन

**आष्टा, देशबन्धु।** नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में इस बार भव्य कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन संजीव सोनी पांचम मित्र मंडली द्वारा 1 अप्रैल दिन मंगलवार प्रात: 11 बजे गीतांजलि गार्डन में किया जाएगा । जिसमें नगर की छोटी छोटी कन्याओ का पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा इस आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई । यह बैठक श्रीमती संध्या बजाज के अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे सभी ने अपने अपने सुझाव कार्यक्रम को लेकर दिए कार्यक्रम को भव्य कैसा बनाया जाए इस पर चर्चा की गई है इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम ने बताया कि आज कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारी की समीक्षा की गई नगर का ये ऐतिहासिक आयोजन होगा।

स्वास्थ्य राज्यमंत्री की उपस्थित में हुआ विक्रमोत्सव कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम

# हमें अपने पारंपरिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए: पटेल



**रायसेन, देशबन्धु।** विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत जिला मुख्यालय रस्थित वन परिसर में आयोजित कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम का स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन तथा कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व उन्होंने ब्रम्हाध्वज की भी पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सांची जनपद अध्यक्ष अर्चना पोर्ते, स्थानीय जनप्रतिनिधी, एसपी पंकज पांडे, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने उपस्थित जनों को हिन्दू नववर्ष तथा गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से नया विक्रम संवत् प्रारंभ हो रहा है। पूरी दुनिया में अनेकों कलेण्डर प्रचलित हैं। हमारे यहां भी अंग्रेजी कलेण्डर, शक संवत् तथा तीसरा विक्रम संवत् प्रचलित है। विक्रम संवत् सम्राट विक्रमादित्य की विजय के उपलक्ष्य में शुरू किया गया। स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य पराक्रमी, न्यायप्रिय और विद्वान शासक थे, जिन्होंने अपने शासनकाल में न केवल भारत बल्कि पड़ोसी देशों तक अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की। सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल न्याय, धर्म, कला और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध रहा। स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि सैकड़ों-हजारों वर्ष पहले भी हमारे ऋषि-मुनि ग्रहों तथा नक्षत्रों की बिल्कुल सटीक गणना करते थे। हमें इस बात का गर्व होना चाहिए कि हमनें पावन और ज्ञानभूमि भारत में जन्म लिया है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि आज हिन्दू नव वर्ष भी है। हिन्दू नव वर्ष का अत्याधिक सांस्कृतिक महत्व है। क्योंकि यह एक अवसर होता है जब हम अपने पुराने वर्षो की कठिनाईयों, संघर्षो को पीछे छोड़कर एक नई शुरूआत करते हैं। यह नववर्ष का पर्व केवल एक तिथिक्रम का उत्सव नहीं है बल्कि यह हमारे समाज की आत्मा और हमारी सांस्कृतिक धारा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए, अपने परामपरिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा विक्रमोत्सव कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मप्र नाट्य विद्यालय भोपाल के विद्यार्थियों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष, पार्षदगण, अधिकारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जमना सेन, बृजेश चतुर्वेदी सहित आमजन उपस्थित रहे।

## मंदिरों में प्रज्जवलित किए ज्योति कलश, दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़



**सिलवानी, देशबन्धु।** शक्ति की भक्ति का उपासना का चैत्र नवरात्र पर्व रविवार से शुरू हो गया है। माता रानी की आराधना पूरे नौ दिन की जाएगी। पहले दिन मंदिरों में शुभ मुहूर्त पर स्थापित किए गए मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए।वहीं कुछ मंदिरों और घरों में जवारे भी बोए गए हैं। नौ दिनों तक माता मंदिरों में पूजा आराधना का दौर चलेगा। श्रद्धालु उपवास कर माता रानी की भक्ति में तल्लीन रहेंगे। पहले दिन नगर के प्रमुख माता मंदिरों में मां बीजासन, सरस्वती नगर, काली चौक, लालघाटी मंदिर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखी गई। मातारानी को जल चढ़ाने लंबी कतार में श्रद्धालु नजर आए। जिन्होंने मातारानी के दर्शन कर मन्नत मांगी। इसके बाद पंचमी और अष्टमी पर मातारानी को विशेष प्रसाद व अठवाई चढ़ाई जाएगी। नवमीं को विभिन्न धार्मिक के साथ ही नव दिवसीय नवरात्र पर्व को विराम दिया जाएगा। मनोकामना ज्योति कलश और जवारे विसर्जित किए जाएंगे। मां बीजासन माता मंदिर के पुजारी के अनुसार शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के नाम से तेल घी के कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। प्रतिदिन श्रद्धालु इनके दर्शन करने पहुंचेंगे। अंतिम दिन हवन पूजन के साथ जवारे विसर्जित करेंगे।

## स्पोर्ट कंपलेक्स में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम हुआ



**सिलवानी, देशबन्धु।** स्थानीय अटल बिहारी वाजपेई इंडोर स्पोर्ट कंपलेक्स में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह आलोक रघुवंशी ने कहा कि आने वाले समय में हम सभी सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी, नागरिक शिष्टाचार के लिए कार्य करना है। कायक्रम के दौरान खंड संघ चालक आनंद ठाकुर मंचासीन रहे। कार्यक्रम समापन पश्चात उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने एक दूसरे के माथे पर तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और साथ ही स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई इंडोर स्पोर्ट कंपलेक्स से मां विजयासेन माता मंदिर तक एक जुलूस भी निकला गया जिसमें सभी स्वयंसेवक नगरवासियों को माथे पर तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दे रहे थे।

## निर्माणाधीन नाले की जांच, सीएमओ ने उपयंत्री को जारी किया नोटिस





**सांची, देशबन्धु।** वार्ड पार्षद ने जहां नाले निर्माण पर सवाल खड़े कर दिये तो दूसरी ओर सीएमओ ने जांच उपरांत उपयंत्री को नोटिस थमाते हुए अधिक भुगतान की अनुशंसा पर नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। इससे नाला निर्माण में चल रही गडबडी की चर्चा खुलने लगी है। संबोधि होटल से विदिशा रोड पर स्थित पुलिया तक नगर के पानी निकासी हेतु लंबे अरसे से प्रस्तावित लगभग दो करोड़ 78 लाख रुपये लागत से नाले का निर्माण कार्य चल रहा था कि इस नाले निर्माण की जद मे अतिक्रमण आने से विवाद बढ़ गया। नाला निर्माण पर वार्ड पार्षद विवेक तिवारी द्वारा भी आपत्ति दर्ज कराई गई तथा सीएमओ को आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा गया कि निर्माण में नियमों को दरकिनार कर मिली भगत से काम किया जा रहा है। यह नाला निर्माण एसडीआरएफ योजना अंतर्गत निर्माणाधीन है। इस नाले का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग से 58 फिट छोड़ कर किया जाना था तथा इसकी जद में आने वाले बिजली पोल हटाये बिना निर्माण किया जा रहा है जबकि निर्माण को बीच बीच में छोड़ कर किया जा रहा है। इसके साथ ही तकनीकी स्वीकृति को भी दरकिनार कर दिया गया है एवं निर्माण के नाम पर बिना निर्माण के भुगतान किया जा रहा है । इस मामले में पार्षद तिवारी ने बताया कि हमने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से भी चर्चा की। उनका कहना है कि हमारे विभाग अंतर्गत 58 फिट छोड़कर नाला निर्माण होना है जब भी हमारे रोड का चौड़ीकरण होगा हमारी सीमा में आने वाले निर्माण को हटा दिया जाएगा। इस स्थिति में शासन की करोड़ों रुपये की राशि को पलीता लग जायेगा। इस मामले में पार्षद की आपत्ति पर सीएमओ रामलाल कुशवाहा ने जांच करवाई जिसमें पाया गया कि उपयंत्री द्वारा प्रथम भुगतान के रूप में ठेकेदार को 850 मीटर का भुगतान 5201263 किया गया। इसके पश्चात द्वितीय भुगतान के रूप में माप पुस्तिका में 1650 मीटर भुगतान करने हेतु प्रस्तुत किया गया जब निर्माणाधीन स्थल पर निर्माण की वास्तविक माप कराई गई तो वह संबोधि होटल से उद्यान तक लंबाई 1250 मीटर पाई गई इस स्थिति में ठेकेदार की मिलीभगत से 400 मीटर का भुगतान फर्जी तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस बिना निर्माण के फर्जी भुगतान हेतु देयक पर रोक लगाते हुए उपयंत्री को सीएमओ द्वारा नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है तथा संतुष्ट न होने पर वरिष्ठ अधिकारियों से कार्यवाही करवाने की चेतावनी दी गई है।

## जिले के सभी निकायों और ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ



**रायसेन, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी सभी निकायों और ग्राम पंचायतों में जल के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य के साथ रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ हुआ। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों तथा नागरिकों द्वारा तालाबों, जलाशयों, बावड़ी सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार हेतु श्रमदान कर अभियान का शुभारंभ किया।

सांची जनपद के ग्राम रतनपुर बुद्धा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, सांची जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पोर्ते, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित ग्रामीणों द्वारा तालाब के गहरीकरण हेतु श्रमदान कर अभियान का शुभारंभ किया। सिलवानी जनपद की ग्राम पंचायत जूनिया में भी सिलवानी जनपद उपाध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा ग्रामीणों द्वारा नदी में सफाई कार्य किया गया। यहां जनसहयोग से नदी के दोनों साइड जल कटाव को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार गैरतगंज, बेगमगंज, गौहरगंज, बाड़ी, बरेली, सांची सहित सम्पूर्ण जिले में जल संरचनाओं की साफ-सफाई और श्रमदान के साथ अभियान का शुभारंभ हुआ।

## हितानंद ने ग्रामीणों के साथ सुनीं प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



**रायसेन, देशबन्धु।** रविवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा खरवई मंडल के बूथ क्रमांक 118 ग्राम रतनपुर में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं ग्रामीण जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रमुख राकेश तोमर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुशीला बाई कुशवाहा, खरवई मंडल अध्यक्ष मिथिलेश गौर, बूथ अध्यक्ष पर्वत सिंह सिसोदिया, कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर, भाजपा मीडिया प्रभारी सी एल गौर, नरेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा का जिला कार्यालय जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया।

## अस्पताल के मुख्य द्वार पर बिछाया रेड कारपेट, मरीज होते रहे परेशान




**बुधनी, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल के मुख्य द्वार पर बेहद सुन्दर सजावट की गई थी और रेड कारपेट भी बिछाया गया था। अस्पताल आने वाले मरीज यह सब देखकर भ्रमित भी हो रहे थे और परेशान भी क्योंकि यहां अस्पताल जैसा कुछ दिख ही नहीं रहा था और तो और अस्पताल का दरवाजा भी बंद करके रखा गया था जिससे मरीजों को अंदर जाने में परेशानी हो रही थी। यह मामला नगर के सिविल अस्पताल में शनिवार को देखने को मिला। दरअसल अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा लेने राष्ट्रीय गुणवत्ता आसवन जांच टीम पहुंचने वाली थी और उन्हीं के स्वागत, सत्कार के लिए यह सजावट की गई थी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ संदीप डहरिया, बीएमओ डॉ रामहित कुमार भी मौजूद थे। जांच टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया और संतुष्ट भी हो गए क्योंकि इसकी तैयारी अस्पताल प्रबंधन एक माह पूर्व से ही कर रहा था और फिर सजावट तो देखते ही बन रही थी। अब दूसरी और आपको बताते चले कि 20 करोड़ रुपए से भी अधिक की लागत से सिविल अस्पताल का निर्माण किया गया है लेकिन डॉक्टर नदारत हैं डॉक्टरों की कमी पर बीएमओ खुद स्वीकार करते है। घटना दुर्घटनाओं में मौत के बाद शव परीक्षण में भी परिजनों को पसीना आ जाता है। इस मामले में कांग्रेस नेता विक्रम मस्तान शर्मा ने कहा कि हाल ही में सिविल अस्पताल बनाया गया है क्षेत्र के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए मशीनें लगाई गई है किंतु उन मशीनों को चलाने के लिए अनुभवी स्टॉफ नहीं होने पर मशीनें धूल फांक रही है साथ ही यहां दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल मरीजों को पर्याप्त ईलाज नहीं मिलने पर नर्मदापुरम रिफर किया जाता है। बड़ी हैरानी की बात है कि मुख्य द्वार बंद होने पर जहां एक ओर अस्पताल में आने वाले मरीज ईलाज के लिए परेशान हो रहे हैं तो वहीं बाहर से आई जांच टीम के लिए अस्पताल प्रबंधन रेड कार्पेट बिछाकर उनकी खातिरदारी कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने चेटीचंड पर्व के कार्यक्रम में झूलेलाल जयंती और चैत्र प्रतिपदा नववर्ष की दी मंगलकामनाएं, बोले-

# भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में किया जा रहा विकसित




**उज्जैन, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन के टावर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों एवं विशेष रूप से सिंधी समाज के सभी भाई और बहनों को चेटी चंड महापर्व की मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेटी चंड सिंधी समुदाय का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। वे जल देवता के रूप में पूजे जाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध अभिनेता गोविंदा भी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चेटी चंड का यह पावन पर्व भगवान झूलेलाल की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। उज्जैन नगरी भगवान श्रीमहाकाल और श्रीकृष्ण की नगरी है, यह कला की नगरी, उत्कर्ष की नगरी है, आध्यात्म का केंद्र है, सम्राट विक्रमादित्य की नगरी में विक्रमोत्सव के अवसर पर सभी को चेटी चंड पर्व और चैत्र प्रतिपदा की मंगलकामनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अवसर हमें प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता के मूल्य सिखाता है। भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद देश-प्रदेश पर बना रहे और हमारा प्रदेश विकास, भाईचारे और खुशहाली की नई ऊँचाइयों को छुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पशुपालक कृषक भाइयों के लिए दूध उत्पादन में वृद्धि करने पर बोनस प्रदान कर रहे है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास अंतर्गत विकसित कर रहे है। सांसद अनिल फिरोजिया ने चैत्र प्रतिपदा नववर्ष और चेटी चंड पर्व की मंगलकामनाएं दी। अभिनेता श्री गोविंदा ने कहा कि भगवान बाबा श्रीमहाकाल और भगवान श्री झूलेलाल सभी के जीवन में सुख शांति और समृद्धि देकर सबका कष्ट हरे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विकास और अध्यात्म को साथ लेकर कार्य करने के लिए मंगलकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में ध्वजा फहराकर ने चेटी चंड पर्व पर आयोजित सामाजिक रैली की शुरुआत की। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर जनप्रतिनिधि संजय अग्रवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, संतोष लालवानी, महेश परियानी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### नौलखी आश्रम में 7 दिवसीय पाटोत्सव एवं कथा का कल से



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु और सीताराम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पाटोत्सव का आयोजन 1 अप्रैल मंगलवार से प्रारंभ होने जा रहा है जिसका समापन 7 अप्रैल सोमवार को होगा। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि सप्त दिवसीय पाटोत्सव के आयोजन में वेत्रवती घाट स्थित आश्रम में विराजमान भगवान जगन्नाथ महाप्रभु जी और भगवान सीताराम जी का प्रतिदिन सुबह 8 से विधि विधान के साथ भगवान का अभिषेक सहस्त्रार्चन होगा। जबकि शाम को 4 बजे से कथा व्यास आचार्य पंडित केशव शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। महाराजश्री ने सभी धर्मालुओं, श्रद्धालुओं से सात दिवसीय पाटोत्सव आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। मालूम हो कि पिछले वर्ष भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के नवीन विग्रह उड़ीसा जगन्नाथपुरी से 1200 किलोमीटर की पदयात्रा के साथ नगर के श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ लाए गए थे जिनकी धूमधाम के साथ प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन संपन्न हुआ था।

### आगामी कार्य योजना को लेकर विहिप त्योंदा प्रखंड बैठक संपन्न



**गंजबासौद, देशबन्धु।** आगामी कार्योजना से विश्व हिन्दू परिषद त्योंदा प्रखंड की बैठक ग्राम घटेरा स्थित धर्मशाला में आहूत की गयी बैठक का शुभारंभ भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीपक प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी ने कहा कि हमें वर्ष प्रतिपदा से हनुमान जयंती तक प्रत्येक ग्राम समिति तक रामोत्सव मनाना है साथ ही आगामी मई माह में लगने वाले परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी वर्गों में जाने वाले शिक्षार्थियों के नाम तय करने को कहा। जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सत्यम दुवे बावली ने वर्तमान समय में शोशल मीडिया का महत्व और उसकी उपयोगिता पर विषय रखा। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष सतीश दुबे, प्रखंड मंत्री गौरव पटेल, प्रखंड संयोजक आयुष शर्मा, सहमंत्री आकाश कुशवाह, सह संयोजक द्वय अमन रिछारिया, वीरेंद्र कुशवाह, बलोपासना प्रमुख जगदीश गुर्जर सहित दुर्गावाहिनी की बहनें एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अरहनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर किया अभिषेक

**आष्टा, देशबन्धु।** जैन धर्म के चौदहवें तीर्थंकर अनंतनाथ भगवान का ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक एवं अठारहवें तीर्थंकर अरहनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव नगर सहित क्षेत्र के सभी जिनालयों में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। भगवान के अभिषेक शांतिधारा कर निर्वाण कांड पाठ बोलकर मोक्ष फल निर्वाण लाडू भक्ति भाव सहित चढ़ाया गया।शनिवार 29 मार्च को सुबह सभी दिगंबर जैन मंदिरों में जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर अनंतनाथ भगवान का ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक तथा 18 वें तीर्थंकर अरहनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर भगवान की आराधना करने के पश्चात अभिषेक और शांतिधारा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।इस अवसर पर काफी संख्या में श्रावक -श्राविकाएं उपस्थित थे।

# पंचकुइया घाट पर श्रमदान कर किया जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

- प्रत्येक व्यक्ति को संकल्पित होना चाहिए कि वह आसपास के नदी-नाले को गंदगी से बचाए: नपाध्यक्ष



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार शहर के समीप स्थित नदी नाले सार्वजनिक स्थान जो कि वर्तमान एवं भविष्य में पीने के पानी के उपयोग में लाए जा सकते हैं उन स्त्रोतों को जीवित रखने के लिए अभियान अंतर्गत सफाई एवं उनके सुधार हेतु पंचकुइया घाट वार्ड क्रमांक 17 में जन सहयोग से श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू द्वारा बताया गया कि शहर के मुख्य स्त्रोतों को जीवित रखने के लिए स्वयं श्रमदान करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को संकल्पित होना चाहिए कि वह आसपास के नदी नाले को गंदगी से बचाए, जल स्त्रोतों को संरक्षित करें। कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र अथवा टाउनशिप के बाग बगीचों को चिन्हित कर हरित विकास करना, गर्मियों में पेयजल सुविधा हेतु सार्वजनिक प्रयोग की व्यवस्था करना, नगरी निकायों में जल संग्रह संरचनाओं का संवर्धन कार्य, शहर में विकसित मकान एवं नए भवनों हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करना उक्त कार्य 30 जून तक संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीराम प्रकाश साहू द्वारा किया गया। जिसमें पार्षद गण धर्मेंद्र जैन, टीकाराम शाक्य एवं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना,बद्री प्रसाद शर्मा,धर्मेंद्र नामदेव, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर प्रतिमा विवाद में पार्षद ने सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापना को लेकर नया विवाद सामने आया है। वार्ड क्रमांक 10 के भाजपा पार्षद मनोज अहिरवार ने रविवार दोपहर अनुविभागीय अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार अनुराग रावत को ज्ञापन सौंपा है।

पार्षद ने ज्ञापन में कहा कि अहिरवार समाज के कुछ लोगों ने उन पर और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधियों पर प्रतिमा स्थापना का विरोध करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इन आरोपों को पूरी तरह से झूठ बताया है। मनोज अहिरवार ने कहा कि 29 मार्च को अहिरवार समाज के नाम से जो आरोप पत्र पेश किया गया, उसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि जांच में यह स्पष्ट किया जाए कि किसने प्रतिमा स्थापना में आपत्ति की और उसका क्या प्रमाण है। पार्षद ने चेतावनी दी है कि अगर आरोप लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो वे मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। उनका कहना है कि इस तरह के झूठे आरोपों से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। ज्ञापन सौंपने वालों में अहिरवार समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# घट स्थापना के साथ शुरू हुई मातारानी की आराधना, मंदिरों में उमड़ी भीड़




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत रविवार से हो गई है। चैत्र नवरात्रि में माता दुर्गा के 9 रूपों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना या कलश स्थापना भी की जाती है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन माता दुर्गा की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शीतला माता मंदिर में उमड़ी। रविवार की सुबह से ही माता शीतला के मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। चैत्र नवरात्रि में भक्त 9 दिनों तक माता दुर्गा की उपासना करते हैं। इस दौरान भक्त माता दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करते हैं। चैत्र नवरात्रि में भक्त 9 दिनों तक माता दुर्गा की उपासना करते हैं। इस दौरान भक्त माता दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करते हैं। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन माता दुर्गा की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शीतला माता मंदिर में उमड़ी। रविवार की सुबह से ही माता शीतला के मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। चैत्र नवरात्रि में भक्त 9 दिनों तक माता दुर्गा की उपासना करते हैं। इस दौरान भक्त माता दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करते हैं।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन माता दुर्गा की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शीतला माता मंदिर में उमड़ी। रविवार की सुबह से ही माता शीतला के मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। चैत्र नवरात्रि में भक्त 9 दिनों तक माता दुर्गा की उपासना करते हैं। इस दौरान भक्त माता दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करते हैं।

# चैत्र नवरात्रि: महामाई दरबार में शुरू हुआ विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ



**सिरोंज, देशबन्धु।** महामाई माता डांगवाली के जागृत दरबार में परंपरानुसार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ का शुभारंभ रविवार दोपहर में हुआ। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारों से सर्वप्रथम देवी पूजन एवं कलश स्थापना कराई गई तत्पश्चात मंदिर परिसर में बनी विशाल यज्ञशाला में हवन में बैठे भक्तों से आहुतियां प्रदान कराई गई। इस अवसर पर यज्ञ के मुख्य यजमान ओम प्रकाश रघुवंशी के साथ ही बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

**निकली भव्य जलयात्रा:** इससे पूर्व शनिवार को शाम के समय श्री महामाई माता मंदिर पर दुर्गा आव्हान व वरूण पूजन हुआ और जल यात्रा निकाली गई। यज्ञाचार्य पं. नलिनीकांत शर्मा ने मंदिर परिसर में बने घाट पर शास्त्रोक्त विधि से वरूण पूजन कराया। इस अवसर हाथों में घट एवं ध्वज थामें हुऐ समिति सदस्यों ने महामाई माता की परिक्रमा की साथ ही शंख-झालर की ध्वनि करते हुए उत्साहपूर्वक जल यात्रा निकाली गई जो महामाई मंदिर परिसर से होती हुई यज्ञशाला पर पहुँचकर सम्पन्न हुई।

**नव संवत्सर पर किया भगवान सूर्य को अर्घ्यदान:** श्री महामाई मंदिर पर हिन्दू नववर्ष की शुरूआत सनातन धर्म संस्कृति के आधार पर हुई। इस दौरान वर्ष प्रतिपदा एवं नव संवत्सर के अवसर पर रविवार को प्रात:काल विशेष आरती के पश्चात सूर्योदय के समय भगवान सूर्य को अर्घ्यदान कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विप्रजनों ने सूर्य मंत्र का उच्चारण करते हुए शंख ध्वनि से भी सम्पूर्ण परिसर को मंगलमय किया। विगत वर्षों से सनातन नववर्ष पर भगवान सूर्य के उदय पर यह आयोजन आयोजित किया जा रहा है जिसमें सहभागिता करने के लिए अनेक श्रद्धालु अलसबेरे से महामाई के दरबार में पहुंचते हैं।

# मंत्रों के साथ ध्वजा स्थापित, भागवत कथा 11 मई से





**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नगर के आस्था का केंद्र श्री गंज हनुमान मंदिर तिरंगा चौक पर संपन्न होने वाली श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम यज्ञ के आयोजन को लेकर रविवार को ध्वज यात्रा नौलखी मंदिर स्टेशन रोड से प्रारंभ होकर कथा स्थल पहुंची। जहां ध्वजा की स्थापना के साथ सभी साधु संत और गणमान्य नागरिकों के भोजन प्रसादी का आयोजन संपन्न किया गया। श्री राम नाम यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा आयोजन 11 मई से 17 मई तक संपन्न किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा की कथा वाचक श्रीकृष्ण ठाकुर महाराज के मुखारविंद से संपन्न होगी। रविवार को गुड़ी पड़वा एवं नव संवत्सर मौके पर रेलवे स्टेशन रोड नौलखी मंदिर से ध्वज की पूजन एवं संत महंत के द्वारा ध्वज की पूजन करने के पश्चात ध्वज यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें यज्ञ ध्वजा को श्री महेश्वर दास त्यागी जी महाराज ने अपने हाथों में थाम कर यज्ञ स्थल तक पदयात्रा के साथ पहुंचे। ध्वज यात्रा नौलखी मंदिर से होते हुए जयस्तंभ चौराहा पहुंची। इसके बाद मुख्य मार्ग से गांधी चौक और सिरोंज चौराहा होते हुए कथा स्थल पहुंची। ध्वज यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं के द्वारा पुष्प वर्षा एवं जलपान कराकर यात्रा का स्वागत किया गया। श्री गंज हनुमान मंदिर पर संपन्न होने वाले श्री राम यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा की ध्वज स्थापना श्री महेश्वर दास त्यागी जी के कर कमल से संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्र भर के आचार्य एवं विद्वानों के द्वारा मंत्रोचार और अनुष्ठान के लिए ध्वज की स्थापना की गई। आयोजन में प्रमुख रूप से नौलखा मंदिर के श्री श्रीमहंत जी, मुडरी धाम के के साथ क्षेत्र भर के संत महंत ,विधायक हरि सिंह रघुवंशी, यज्ञ आचार्य पंडित केशव शास्त्री सहित अनेको विद्यमान वरदान वाले नागरिक शामिल हुए आयोजन में श्रद्धालुओं के द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

# सीमेंट रोड निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री का भी किया निरीक्षण



**आष्टा, देशबन्धु।** नगरपालिका द्वारा नगर में अनवरत रूप से निर्माण और विकास कार्य जारी है, इसी के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 15 सुभाष नगर के अतिरिक्त क्षैत्र में कायाकल्प अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत सीसी रोड़ का निर्माण कार्य जारी है। जिसका नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा के साथ नपा के तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सीसी रोड़ निर्माण में उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री का भी निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार को उच्च गुणवत्ता का कार्य करने एवं निर्माण सामग्री मानक स्तर की उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कायाकल्प अभियान के द्वितीय चरण में नगर के बढ़े हुए अतिरिक्त इलाकों में विकास कार्य नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे है जो निरंतर जारी रहेंगे। वर्तमान में नगर के सभी वार्डो में सीसी रोड़, नाली निर्माण, पाईप लाईन विस्तार जैसे विकास कार्य जारी है। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, उपयंत्री अनिल धुर्वे, सुभाष सिसौदिया, दीपक मेवाड़ा, आदर्श सुराना, गबू प्रजापति, अफसर खां, आकाश मेवाड़ा सहित अन्य वार्डवासीगण मौजूद थे।

# झूलेलाल सांई प्रकाशोत्सव पर सिंधी पंचायत ने निकाली शोभायात्रा



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर में 1075 वां जय झूलेलाल सांई प्रकाश जन्मोत्सव नव वर्ष चौतीचांद पर उत्सव, उमंग के साथ पूज्य सिंधी पंचायत ने गुरुद्वारा से बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ जय झूलेलाल बाबा को पालकी में विराजमान कर जुलूस के रूप में शोभायात्रा नगर के बड़ा बाजार नजरगंज चौराहा रामदेव बाबा मंदिर, बुधवारा मैं कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने मित्र मंडल के साथ पालकी में विराजमान जय झूलेलाल सांई प्रकाश जन्मोत्सव पर पूजन अर्चना कर श्रीफल भेंट किया पूज्य सिंधी पंचायत समाज अध्यक्ष सुशील भोजवानी व युवा संगठन अध्यक्ष दीपक रोघानी का साफा बांधकर पुष्प माला से स्वागत सम्मान किया पुज्य सिंधी पंचायत के सभी प्रमुख जनों का पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव ने दुपट्टा डालकर सम्मान किया एवं जुलूस में मातृशक्तिओ की संख्या अधिक रही सभी का भव्य रूप से पुष्प वर्षा कर व शीतल जल पिलाकर स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर मनोज कुशवाहा, बबनराव महाडिक, सुनील कचनेरिया एडवोकेट, अमरचंद कुशवाहा पटेल, लखन सेन, राहुल कुशवाहा, सुनील परमार, शुभम कुशवाह, विशाल कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे।

### जुलुस का कैलाश परमार मित्र मंडल ने किया स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** 1075 वां झूलेलाल साई प्रकाश जन्मोत्सव का पर्व स्थानीय सिंधी समाज द्वारा बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। सिंधी नववर्ष चेती चांद व हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा के इस विशेष उत्सव पर सिंधी पंचायत द्वारा नगर में जुलुस निकाला गया। नगर के विभिन्न मार्गों से सिंधी समाज ने भव्य जुलुस निकाला। नगर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने जुलुस का पूजन किया। कैलाश परमार मित्र मंडल ने प्रगति पथ पर समाज के अध्यक्ष सुशील भोजवानी, युवा संगठन अध्यक्ष दीपक रोगानी, वीरूमल गुलवानी, महेन्द्र बत्रा, भगवानदास रामानी, हरीश मोटवानी, सहित अन्य समाजजन् का स्वागत किया।

# सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही: शिवराज

- केन्द्रीय कृषि मंत्री ने 78 करोड़ से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन




**भेरूंदा, देशबन्धु।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार से यह निर्णय लिया है कि अब गेंहू के साथ ही मसूर की खरीदी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों को ग्रीष्म काल के दौरान पर्याप्त जलापूर्ति की जाए ताकि उन्हें कोई समस्या न हो। श्री चौहान आज सीहोर जिले के तहसील मुख्यालय भैरूंदा में आयोजित हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने यहां प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 6514 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने भैरूंदा में 78 करोड़ 7 लाख 47 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कक्षा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले टॉपरों को स्कूटी भी प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन पात्र नागरिकों के नाम छूट गए हैं, सर्वेक्षण कर उनके नाम जोड़े जाएंगे और उन्हें इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा। हमारी सरकार देश के साथ ही प्रदेश में भी तेजी से विकास कार्य कर रही है। प्रदेश में निरंतर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से किसानों के लिए सिंचाई का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से बहनों को धुंए से मुक्ति दिलाई गई। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं हैं। जनता की सेवा ही ईश्वर की पूजा है। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार स्वसहायता समूहों के माध्यम से सभी बहनों को लखपति बहना बना रही है। इसके साथ ही प्रदेश की बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना भी चलाई जा रही है, जिसमें उन्हें प्रतिमाह 1250 रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प हैं कि देश एवं प्रदेश के हर गांव को गरीबी मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव को गरीबी मुक्त बनाने के लिए विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से सरकार प्रत्येक बेरोजगार व्यक्ति को रोजगार से जोड़ रही है। इस अवसर पर बुधनी-भेरूंदा विधानसभा क्षेत्र विधायक रमाकांत भार्गव, विधायक सीहोर सुदेश राय, विधायक आष्टा गोपाल सिंह इंजीनियर, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, अनुसूचित जानजातीय वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, रघुनाथ सिंह भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंश मेवाड़ा, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष भेरूंदा मारूति शिशिर, भैरूंदा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू अवध पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष भेरूंदा आशीष शर्मा,सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# प्रदेश में बिजली की दरें बढ़ीं, आयोग ने 3.46 प्रतिशत वृद्धि को दी मंजूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में गर्मी के मौसम में आम जनता को बिजली का बड़ा झटका लगा है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। हालांकि, स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को दिन में बिजली खपत पर 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी।

राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नया टैरिफ ऑर्डर जारी किया है, जो जल्द ही लागू होगा। बिजली कंपनी ने 7.52 फीसदी की बढ़ोतरी की मांग की थी, लेकिन आयोग ने केवल 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। नए दरें एक अप्रैल से लागू होगी। इसके अलावा, सभी लो प्रेशर और हाई प्रेशर मौसम वाले उपभोक्ताओं के लिए राहत देते हुए न्यूनतम प्रभार को समाप्त कर दिया गया है। नई बिजली दरें अप्रैल से लागू हो जाएंगी, और मई महीने से उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई दरों के साथ बिल मिलेगा। 50 यूनिट तक बिजली जलाने वाले उपभोक्ताओं को 18 पैसे प्रति यूनिट ज्यादा चुकाने होंगे, वहीं 150 यूनिट तक खपत करने पर 26 पैसे प्रति यूनिट महंगी बिजली का बिल आएगा।

37 लाख कृषि उपभोक्ताओं को मिल रहा है सब्सिडी का लाभ- नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10



हॉर्स पावर के पंप पर कृषि उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष में 30,730 रूपये, 54,671 रूपये एवं 1,15,655 रूपये का देयक बनता है। इसमें राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर की गई सब्सिडी की घोषणा अनुसार किसानों को मात्र 750 रूपये प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात किसानों को 3 हार्स पॉवर पंप पर 2250 रूपये, 5 हार्स पॉवर के पंप पर 3750 रूपये एवं 10 हार्स पॉवर के पंप पर 7500 रूपये का ही भुगतान करना होगा।

कृषि मंत्री प्रदम तोमर ने बताया कि कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि(रू. 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

### सौ यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये बढ़ेंगे

घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये तक बढ़ाये गये हैं, परंतु इन उपभोक्ताओं को अटल ग्रह ज्योति योजना के तहत पहले की तरह मात्र 100 रुपये का ही भुगतान करना है. बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में भुगतान की जाएगी. गैर घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य सभी निम्न-दाब उपभोक्ता श्रेणी की न्यूनतम दर बिलिंग (टैरिफ मिनिमम बिलिंग) पहले ही समाप्त की जा चुकी है।

### स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को 20 फीसदी की छूट

स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को दिन के समय बिजली की खपत पर 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी, और इन उपभोक्ताओं को मीटरिंग प्रभार भी नहीं देना होगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है, लेकिन अटल गृह ज्योति योजना के तहत उन्हें पहले की तरह 100 रुपये ही चुकाने होंगे। बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार सब्सिडी के रूप में भुगतान करेगी।

# कृषि उपभोक्ताओं के बिलों का 93 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में वहन करेगी सरकार



**भोपाल, देशबन्धु।** नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के पंप पर कृषि उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष में 30,730 रूपये, 54,671 रूपये एवं 1,15,655 रूपये का देयक बनता है। इसमें राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर की गई सब्सिडी की घोषणा अनुसार किसानों को मात्र 750 रूपये प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात किसानों को 3 हार्स पॉवर पंप पर 2250 रूपये, 5 हार्स पॉवर के पंप पर 3750 रूपये एवं 10 हार्स पॉवर के पंप पर 7500 रूपये का ही भुगतान करना होगा।

श्री तोमर ने बताया कि सरकार द्वारालिये गये निर्णय के अनुसार कृषिउपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इसके

### 37 लाख कृषि उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि(रू. 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। शेष 93 प्रतिशत राशिसरकार सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में लगभग 37 लाख कृषिउपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषिश्रेणी के उपभोक्ताओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र 100 रूपये का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं के लिये सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 566 रूपये का भुगतान करेगी।

7 लाख मीट्रिक टन से अधिक का गेहूँ उपार्जन

# समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं का सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित करें



**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। अतः रबी विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण सुनिश्चित करें। इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर असामयिक वर्षा से गेहूँ भीगना नहीं चाहिए।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि अभी तक 7 लाख 98 हजार 461 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 6 लाख 96 हजार 625 मीट्रिक टन उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण किया जा चुका है। शेष मात्रा 1 लाख 1 हजार 836 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण अति शीघ्र करवायें।

कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध गेहूँ का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित भण्डारण के लिये जरूरी हो तो अन्य परिवहनकर्ताओं के ट्रकों को इस कार्य में लगाएं। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर खुले में भण्डारित गेहूँ को समितियों के माध्यम से गोदामों में भण्डारण सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ की स्टेक लगाकर पक्के प्लेटफार्म पर भण्डारित करायें और उसे तिरपाल से कवर करवायें। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने-अपने केन्द्र पर उपस्थित रहकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने उज्जैन में वीर भारत संग्रहालय का भूमि पूजन किया

# वीर भारत संग्रहालय में महापुरूषों की गौरव गाथाओं का संकलन होगा : डॉ. यादव

**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रविवार को कोठी महल पर युगयुगीन भारत के कालजयी महानायकों की तेजस्विता की महागाथा का वर्णन करने वाले वीर भारत संग्रहालय का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। हर कल्प में उज्जयिनी का अपना इतिहास रहा है। प्राचीन भारत के वीर महापुरूषों की गौरव गाथा की जानकारी इस संग्रहालय में प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण भव्य स्तर पर किया जाएगा। प्राचीन काल की सभी प्रमुख घटनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण लगभग 20 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पडने पर और धन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा



कि हमें अपनी विरासत पर गर्व करने का एक और अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से संग्रहालय के निर्माण हेतु शुभकामनाँ दी। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र अनिल फिरोजिया, सांसद राज्यसभा बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक उज्जैन-उत्तर श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री संजय अग्रवाल, महापौर नगर पालिक निगम श्री मुकेश टटवाल निगम अध्यक्ष नगर पालिक निगम श्रीमती कलावती यादव और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित चंदन व्यास एवं उनके दल के द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथितियों का स्वागत किया गया।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर बढ़ाई गई उज्जैन विक्रम व्यापार मेले की अवधि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विक्रम व्यापार मेले की अवधि आगामी 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। इसी अनुक्रम में के परिवहन सचिव श्री मनीष सिंह ने आदेश जारी किए है। मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार द्वारा परिवहन विभाग की अधिसूचना दिनांक 14 जनवरी, 2025 के माध्यम से ऐसे सभी गैर-परिवहन यानों (मोटर साइकिल, मोटर कार, निजी उपयोग के लिये ओमनी बस) तथा हल्के परिवहन यानों के वर्ष 2024-25 में उज्जैन विक्रम व्यापार मेला की मेला अवधि के दौरान विक्रय पर उनके देय जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट मेला अवधि 30 मार्च 2025 तक प्रदान की गई थी। अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में करते हुये, राज्य सरकार ने अधिसूचना में विहित की गई शर्तों के अध्यधीन रहते हुए अधिसूचना के माध्यम से दी गई छूट की समय-सीमा 9 अप्रैल 2025 तक के लिये, वर्तमान में जारी विक्रम व्यापार मेले की मेला अवधि तक के लिए वृद्धि की गई है।

शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विक्रमोत्सव में उप मुख्यमंत्री बोले-

# देश को विकसित बनाने सबको संकल्पित होकर कार्य करना होगा



**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नव संवत्सर मनाने के लिये प्रदेश के ग्रामीण स्तर तक नव वर्ष की जानकारी पहुंचानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिपदा, नव संवत्सर, हिन्दू नव वर्ष और गुड़ी पड़वा आज चैत्र नवरात्र से शुरू होता है। आज का दिन सूर्य उपासना का दिन है। आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। श्री देवड़ा ने कहा कि यह नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो और देश-प्रदेश आगे बढ़े। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अव्वल बने। इसके लिये हम सबको संकल्पित होकर कार्य करना होगा।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विक्रमोत्सव-2025 कोटि सूर्योपासना के जिला स्तरीय आयोजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का आज शुभ दिन है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हम प्रतिवर्ष विक्रमोत्सव मनाएंगे। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर के बाद जिस पहली जनवरी को न्यू ईयर मनाया जाता है, उसका कोई इतिहास नहीं है। नव संवत्सर हमारा विजय दिवस है, शक्ति आराधना दिन है। हम सभी को आज अपने-अपने घर पर विजय पताका फहराना है। श्री शर्मा ने कहा कि दुनिया जिस कैलेन्डर पर चल रही है, उससे 57 साल पहले हमारा कैलेण्डर आ चुका था।

इस दौरान सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रीय नृत्य नाट्य की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बूट कैंप 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दूसरे दिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा -

# प्रधानमंत्री के एक विजन से भ्रष्टाचार समाप्त, देश तेजी से विकास कर रहा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार बनने के बाद जब जीरो बैलेंस पर जनधन खाते खोलने की योजना बनाई तो विपक्ष के लोग कहने लगे कि देश का विकास करने की बजाय प्रधानमंत्री खाते खुलवा रहे। उन्हीं जनधन एकाउंट में आज केंद्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक और कल्याणकारी योजनाओं की राशि डीबीटी के जरिए सीधे बैंक खाते में जा रही और योजनाओं का भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब स्वच्छता का अभियान चलाया और इस अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला और भारत में स्वच्छता का वातावरण बना।

यह बात श्री शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित बूट कैंप 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के समापन सत्र में कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लालकिले से एक लाख ऐसे लोगों को राजनीति में आने का आव्हान किया था, जिनके परिवार के लोग राजनीति में न हों। ऐसे लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए ही ''आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स'' अभियान चलाया गया। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संसद और राज्यों की विधानभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का कानून बनाया




है। प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय की संकल्पना को साकार करते हुए देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकालने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री के विजन से भारत आज हर क्षेत्र में बहुत तेजी से तरक्की कर रहा है, इसलिए आप सभी लोग भी अब भाजपा के साथ जुड़कर देश और समाज की सेवा में अहम योगदान दें।

वहीं प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि भाजपा सुशासन के साथ अंत्योदय पर चलकर जनता की सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संपूर्ण भारत के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र के लोगों को राजनीति में लाना चाहते है। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को समझने और जनता की आकांक्षाओं और देश के हर वर्ग को जोड़कर उसे आगे ले जाने के लिए नीतियां बनाने के लिए आप लागों की जरूरत है। डॉ. अनिर्बान गांगुली ने कहा कि हमारी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से चलती है। कार्यकर्ताओं के कार्यों में भिन्नता हो सकता है, लेकिन हमारा विजन हमेशा एक रहता है।

### देश के नवनिर्माण में युवाओं को आगे आकर काम करने की जरूरत : स्वराज

सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, यह केवल एक राजनीतिक दल ही नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन और विशिष्ट विचारधारा वाले दल के रुप में अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की रीढ़ है इसलिए देश के नवनिर्माण में युवा शक्ति को आगे आकर काम करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व केवल शासन का नहीं बल्कि सहभागिता का भी है। सुश्री स्वराज ने कहा कि पार्टी के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है, इसलिए प्रधानमंत्री अपने आपको जनता का सेवक कहते हैं और उसी आधार पर आम जनमानस के लिए काम करते हैं।

# भाजपा सरकार की नीतियों के कारण देश आर्थिक संकट में फंसा : अखिलेश

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर देश को आर्थिक संकट में फंसाने का आरोप लगाया। यहां होटल तॉज में तपस्या फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित छोटे कारोबारियों एवं उद्यमियों के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से बैंकिंग सेक्टर बैठ गया है।

बैंकों को आपस में विलय करना पड़ा। ईज आफ डूईंग बिजनेस इफेक्टिव लेस है। इनका ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इनसल्ट, क्राइम, करप्शन और कमीशन का शिकार हो गया है। पूरा कारोबार जीएसटी और टीडीएस में उलझा हुआ है। मेक इन इंडिया दिखाई नहीं देता है। मैन्युफैक्चरिंग में चीन हावी है। सरकार ने पूरा बाजार दूसरों के हाथों में दे दिया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने कारोबार के लिए सिर्फ गिनती के कारोबारियों को अवसर दिया है। बाकियों के सामने समस्यायें खड़ी कर दी गयी है। देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। सरकार तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा कर रही है। भाजपा की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था में 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर जीने को मजबूर है। सरकार बताएं की इनकी प्रतिव्यक्ति आय क्या है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां पूरी तरह फेल है। देश में इतनी बेरोजगारी पहले कभी नहीं थी। नौजवानों के पास नौकरी, रोजगार नहीं है। कारोबार और व्यापार में महिलाओं को अवसर नहीं दिया जा रहा है।

एमएसएमई सेक्टर और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। एमएसएमई सेक्टर के पेमेंट में देरी हो रही है। समाजवादी सरकारों ने हमेशा कारोबार को सरल और आसान करने के लिए फैसले लिए। नेताजी ने मुख्यमंत्री रहते हुए चुंगी और 3/7 को खत्म किया।

# पश्चिम बंगाल: मोथाबाड़ी में सांप्रदायिक तनाव, 57 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में तनाव जारी है। यहां पर पिछले सप्ताह सांप्रदायिक हमले हुए थे। राज्य पुलिस ने इस मामले में अब तक 57 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जबकि राज्य पुलिस ने कलकत्ता हाईकोर्ट में भी दावा किया कि मोथाबाड़ी की स्थिति लगभग नियंत्रण में है, वहीं राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इन दावों का खंडन किया। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, यदि स्थिति नियंत्रण में होती तो तनाव वाले स्थानों से दूर बैरिकेड्स लगाकर विपक्षी पार्टी के नेताओं और मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता। शुभेंदु अधिकारी ने पिछले सप्ताह राज्यपाल सीवी आनंद बोस को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने उनसे अनुरोध किया था कि वे राज्य सरकार को निर्देश दें कि स्थिति नियंत्रण में आने तक मोथाबाड़ी में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को तैनात किया जाए। इस बीच, पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार रविवार को मोथाबाड़ी का दौरा करेंगे और प्रभावित हिंदू परिवारों के सदस्यों से बात करेंगे। तनाव वाले स्थानों के आसपास पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं, संभवतः मजूमदार और उनके साथियों को अशांत क्षेत्र में जाने से रोकने के लिए। जिला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तनाव को फिर से भड़कने से रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस बीच, पश्चिम बंगाल में भाजपा नेतृत्व ने इस मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग करते हुए इस सप्ताह कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### भाजपा ने इस मामले की एनआईए से जांच कराने की मांग की

कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने पहले ही मालदा के जिला मजिस्ट्रेट और जिला पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है कि मोथाबाड़ी में तनाव कैसे भड़का। हाईकोर्ट को ये रिपोर्ट सौंपने की अंतिम तारीख तीन अप्रैल है। शनिवार शाम को पश्चिम बंगाल पुलिस के दो अधिकारियों ने आगामी रामनवमी के शुभ अवसर पर राज्य में शांति भंग करने के संभावित प्रयासों के प्रति चेतावनी जारी की थी। अतिरिक्त महानिदेशक (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने दावा किया कि पुलिस को कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा आगामी दिनों में हिंसा भड़काने की कोशिश के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली है। सरकार ने कहा, 'विभिन्न पोस्टरों या पोस्ट के माध्यम से लोगों को भड़काने की योजना है। पुलिस सतर्क है। विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच तनाव भड़काने की कोशिश हो सकती है, खासकर रामनवमी के अवसर पर। हम लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे उकसावे में न आएं। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन साथ ही हम लोगों से यह भी अनुरोध करते हैं कि वे सतर्क रहें और अपने-अपने क्षेत्रों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि को देखने पर स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# वायु सेना ग्रीस में बहु राष्ट्रीय हवाई अभ्यास में हिस्सा लेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वायु सेना के सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान तथा ईंधन टैंकर युक्त आई एल 78 विमान और मालवाहक विमान सी 17 कल से ग्रीस के एंड्राविडा एयर बेस पर शुरू होने वाले बहु राष्ट्रीय हवाई अभ्यास में अपनी ताकत तथा क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। वायु सेना के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि 11 अप्रैल तक चलने वाले इस अभ्यास का आयोजन ग्रीस की वायु सेना हेलेनिक कर रही है और इसमें करीब 15 देशों की वायु सेना हिस्सा ले रही हैं। यह हेलेनिक वायु सेना द्वारा आयोजित एक द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास है। यह वायु सेनाओं के लिए अपने कौशल को निखारने, सामरिक ज्ञान का आदान-प्रदान करने और सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। यह अभ्यास यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों के तहत पंद्रह देशों की कई हवाई और सतही संपत्तियों को एकीकृत करेगा, जिसे आधुनिक समय की हवाई युद्ध चुनौतियों का अनुकरण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अभ्यास सभी वायु सेनाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, तालमेल और अंतर-संचालन को बढ़ाने का एक मंच है। यह अभ्यास संयुक्त हवाई संचालन की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने, जटिल हवाई युद्ध परिदृश्यों में रणनीति को परिष्कृत करने और परिचालन संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। एंड्राविडा से संचालित सभी ऑपरेशनों के साथ, वायु सेना की भागीदारी न केवल इसकी परिचालन क्षमताओं को मजबूत करेगी बल्कि भाग लेने वाले देशों के बीच आपसी सीखने और बेहतर समन्वय में भी योगदान देगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मणिपुर, नगालैंड व अरुणाचल....** से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान सनसम सोनामित सिंह (27) के रूप में हुई। केसीपी (सिटी मीतेई) के एक उग्रवादी शारंगबाम थोइबा सिंह (43) को गिरफ्तार किया गया। वह काकचिंग और इंफाल पश्चिम जिलों में जबरन वसूली के मामलों में वांछित था। इसके अलावा एक 32 वर्षीय व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों की जानकारी के बिना आतंकियों को सिम कार्ड बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसके पास से कुल 117 सिम कार्ड बरामद किए गए।

**कल से बदल जाएंगे आयकर....** से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि अब बैंक जमा पर मिली 50,000 रुपए तक की राशि पर कोई टीडीएस नहीं कटेगा। 1 अप्रैल से नियोक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले लाभ और भत्ते अब कर योग्य सुविधाओं के रूप में वर्गीकृत नहीं किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यदि कोई नियोक्ता किसी कर्मचारी या उसके परिवार के लिए विदेश में चिकित्सा उपचार की लागत को वहन करता है, तो इस व्यय को कर योग्य लाभ नहीं माना जाएगा। टेक्सपेयर्स के पास अब अपडेटेड आयकर रिटर्न (आईटीआर-यू) दाखिल करने के लिए दो के बजाय चार साल का समय होगा। यह विस्तार व्यक्तियों को अपनी कर फाइलिंग में त्रुटियों या चूक को लंबे समय तक सुधारने की अनुमति देता है। माता-पिता के लिए एक नया टैक्स-बचत विकल्प पेश किया गया है। जो लोग अपने बच्चे के एनपीएस वात्सल्य खाते में योगदान करते हैं, वे पुरानी कर व्यवस्था के तहत 50,000 रुपए की अतिरिक्त कटौती का दावा कर सकते हैं।

**जहां सेवा कार्य, वहीं....** को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने यहां आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए और एक खास संदेश भी लिखा। पीएम मोदी ने लिखा, परम पूजनीय डॉ. हेडगेवार और पूज्य गुरुजी को शत शत ममन। उनकी स्मृतियों की संजोने, इस स्मृति मंदिर में आकर अभिभूत हूं।

**30 करोड़ के खजूर, 72 करोड़....** की कीमत 3 लाख रुपए है। तरबूज की खेप की उत्पत्ति के बारे में बशीर ने बताया कि तरबूज गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक से आते हैं। हालांकि इसके लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन इस सीजन में कीमतें पिछले साल की तुलना में अधिक उचित थीं। मौसम इतना गर्म नहीं होने के बावजूद, तरबूज कश्मीरियों का पसंदीदा फल बना हुआ है। तरबूज और केले की खपत में वृद्धि के पीछे के कारणों के बारे में पूछे जाने पर बशीर ने कहा कि खजूर के अलावा - जिसे पारंपरिक रूप से उपवास तोड़ने के लिए खाया जाता है - ये दोनों फल इफ्तार समारोहों में मुख्य बन गए हैं, चाहे वे राजनेताओं द्वारा आयोजित किए गए हों या स्थानीय मस्जिदों द्वारा। हालांकि यह आंकड़े सिर्फ कश्मीर वादी के हैं और जम्मू संभाग में होने वाली खपत के आंकड़े फिलहाल उपलब्ध्ध नहीं हो पाए थे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।